RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बर:- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्ष: 13 | अंक: 272 | जयपुर, रविवार, 01 नवम्बर , 2026 | मूल्य: 2.00 रूपए | पृष्ठ : 8

मणिपुर में सड़कों पर उतरे हजारों लोग, केंद्र को दिया अल्टीमेटम

नई दिल्ली/संचार जगत

मणिपुर में लंबे समय से जारी संकट के बीच शनिवार को इम्फाल, सेनापति और चंदेल में आदिवासी समुदायों ने बड़े स्तर पर रैलियां निकालीं। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से राज्य में जारी संकट को खत्म करने, आदिवासी समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हिंसा के कारण विस्थापित हुए हजारों परिवारों की सुरक्षित घर वापसी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने इसे केंद्र सरकार के लिए 'आखिरी चेतावनी' बताया और कहा कि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कुकी-जो उग्रवादी समूहों के साथ हुए सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस यानी SOO समझौते को खत्म करने, राज्य से असम राइफल्स को हटाने, 1951 को आधार वर्ष मानकर नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स यानी NRC लागू करने और राज्य सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मौजूदा सरकार के इस्तीफे की भी मांग की।

मुख्य रैली का आयोजन कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (COCOMI), नागा संगठनों और अन्य आदिवासी समुदायों के संगठनों ने मिलकर किया। रैली इम्फाल के टिडिम ग्राउंड से शुरू हुई और थाऊ ग्राउंड तक पहुंची, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर अपनी मांगें रखीं। मार्च में मैतेई समुदाय के लोगों के साथ 21-22 नागा जनजातियों और कई अन्य जातीय समूहों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

नई यात्रा सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीरें, शादी के एक दिन बाद इंस्टाग्राम पर दी जानकारी


जम्मू-कश्मीर के सीएम अब्दुल्ला ने की दूसरी शादी

नई दिल्ली/संचार जगत

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वरिष्ठ पत्रकार निधि राजदान से शादी कर ली है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर निधि के साथ तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी। उमर ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, कल एक नई यात्रा शुरू हुई। उन्होंने पोस्ट में निधि राजदान को भी टैग किया। निधि ने भी सोशल मीडिया पर रिंग इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा की।

उमर अब्दुल्ला की यह शादी उनकी पहली पत्नी पायल अब्दुल्ला से तलाक को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिलने के करीब तीन महीने बाद हुई है। 31 जुलाई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों की आपसी सहमति से वैवाहिक संबंध खत्म करने की अर्जी स्वीकार की थी।

तीन महीने पहले पायल अब्दुल्ला से तलाक को मिली थी मंजूरी



1994 में हुई थी पायल से शादी

उमर अब्दुल्ला और पायल अब्दुल्ला की शादी 1994 में हुई थी। दोनों की मुलाकात दिल्ली के ओबेरॉय होटल में काम करने के दौरान हुई थी। उनके दो बेटे जाहिर और जमीर हैं। दोनों वर्ष 2009 से अलग रह रहे थे। उमर ने 2011 में सार्वजनिक रूप से अलगाव की जानकारी दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई के दौरान दोनों के लंबे समय से अलग रहने का उल्लेख किया था।

अनुच्छेद 142 के तहत दी गई थी अर्जी...

यह मामला सुप्रीम कोर्ट तब पहुंचा था, जब उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें तलाक देने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उमर और पायल ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत आपसी सहमति से तलाक की मंजूरी के लिए संयुक्त आवेदन दिया था। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया था कि दोनों अपने मतभेद सुलझाने और लंबित विवाद खत्म करने पर सहमत हैं। उन्होंने एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने पर भी सहमति जताई थी।

उज्जैन के होटल में मौत का चैंबर

सफाई करने उतरे 4 लोगों की गई जान

उज्जैन। मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक होटल के चैंबर की सफाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उज्जैन-देवास रोड स्थित श्री गंगा होटल में सफाई करने के लिए चैंबर में उतरे चार लोग अंदर ही फंस गए। सूचना मिलने पर माधव नगर थाना पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद चारों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं, उन्हें बचाने के लिए चैंबर में उतरे अन्य लोगों की भी तबीयत बिगड़ गई। रात के समय श्री गंगा होटल के ओवरग्राउंड चैंबर की सफाई होनी थी। इसके लिए चार लोग अंदर उतरे थे। इसी दौरान वे चैंबर में फंस गए।

राम मंदिर में सुबह 7 बजे से होंगे दर्शन

अयोध्या। ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रख श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीरामलला की दैनिक



पूजा, आरती, भोग, विश्राम एवं दर्शन की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। अभी मंदिर के पट सुबह 3:45 बजे खुलते हैं और रात 10:30 बजे बंद होते हैं। अब यह समय क्रमशः सुबह 4 बजे और रात 10 बजे होगा। 7 बजे से दर्शन होंगे।

पालघर में 5वीं मंजिल से गिरी लिफ्ट, 7 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर से एक रिहायशी इमारत में 5वीं मंजिल से लिफ्ट के नीचे गिर जाने से 7लोग



घायल हो गए। लिफ्ट की क्षमता केवल 5लोगों की थी।यह घटना दोपहर करीब 2 बजे पाटनकर पार्क इलाके में स्थित धनंजय एवेन्यू बिल्डिंग में हुई। घटलों में, 4 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें भर्ती कराया गया है।

निर्देशक संजय का 57 साल की उम्र में निधन


मुंबई। फिल्ममेकर संजय गुप्ता का 30 अक्टूबर को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। उनके सिर में



गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। वह 57 साल के थे।'काबिल', 'शूटआउट एट वडाला', 'कांटे', 'मुंबई सागा' जैसी फिल्मों को डायरेक्ट करने वाले निर्देशक इस दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एकतानगर को दी 400 करोड़ रुपए की सौगात

पर्यटन स्थल होंगे विशेष तो आकर्षित होंगे लोग, स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा



एकता नगर/संचार जगत

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने एकतानगर में बड़ी सुविदाएं दी ग ई हैं। अब यहां घूमने, ठहरने और मनोरंजन की सुविधाएं बेहतर होने जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एकतानगर में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया और कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन में 127 कमरों वाला आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल, नर्मदा घाट का विकास और जल-सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। रेलवे स्टेशन के पास आईआरसीटीसी ने करीब 52.50 करोड़ से 127 कमरों वाला आधुनिक होटल तैयार किया है। करीब 2 एकड़ में बने इस होटल में 4 श्रेणियों के कमरे, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, बैंक्वेट हॉल, कॉन्फ्रेंस सुविधाएं और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट व ईको ट्रेल समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया

पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



2 एकड़ में बना विशेष होटल

ठहरने का खास विकल्प मिलेगा

स्टेशन के नजदीक होने से ट्रेन से आने वाले यात्रियों को यहां पहुंचने में आसानी होगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने अब तक 3 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। ऐसे में होटल की नई सुविधा से पर्यटकों को ठहरने का एक और ऑप्शन मिलेगा। इससे उम्मीद है कि लोग एकतानगर में अधिक समय बिताएंगे और आसपास के पर्यटन स्थलों को भी फायदा होगा।

रेनफॉरेस्ट, ईको ट्रेल और नर्मदा घाट का विकास

पर्यटन को बढ़ावा देने रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल से जुड़े प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं। नर्मदा घाट के उन्नयन और क्षेत्र में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था से भी खूबसूरती बढ़ाने की योजना है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देना है।

इन नई परियोजनाओं की भी रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री ने कई अन्य विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी। इनमें गोरा-भद्र रोड का विकास, इंटीग्रेटेड जीरो वेस्ट स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट और खलवानी इको टूरिज्म डेवलपमेंट शामिल हैं। इसके अलावा कैक्टस और बटरफ्लाई गार्डन के एकीकृत विकास की योजना भी है।

अन्य व्यवसायों में भी होगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से एकतानगर में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। होटल और पर्यटन सुविधाओं के संचालन से रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। वहीं, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय दुकानदारों, टैक्सी चालकों, होटल कारोबारियों और खानपान से जुड़े व्यवसायों को भी लाभ मिल सकता है।

एकता दिवस परेड में शामिल हुए प्रधानमंत्री

सरदार पटेल के फैसलों ने देश को एकजुट किया

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया।पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अहम भूमिका निभाई। एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

'सरदार' ने राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में पिरोया

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी पिरोया। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत भी की थी। इस महान कार्य के 75 वर्ष इस वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ का ध्वज तमाम आक्रांताओं की मंशा को नाकाम कर स्वाभिमान के साथ लहरा रहा है।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती

शाह ने निकाली 'एकता दौड़' नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा



नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत आयोजित 'एकता दौड़' का शुभारंभ किया। उन्होंने देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। शाह ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारत का इतिहास बदला, बल्कि देश के भूगोल की संरचना भी की। अनेक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। पटेल ने मात्र 1218 दिनों में अखंड भारत की रचना कर वह कर दिखाया, जिसे दुनिया असंभव मानती थी।

370 हटाना, नक्सलवाद समाप्ति बड़ी उपलब्धि

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ना, देश से नक्सलवाद समाप्त करना और एक देश, एक कर प्रणाली लागू करना शामिल है।

विविधता हमारी कमजोरी नहीं, सबसे बड़ी ताकत

शाह ने कहा कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधता देश की कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। यही सरदार पटेल का संदेश था।

सरदार को मिला वैश्विक सम्मान

अंत में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और उसका शिलान्यास किया। इस प्रतिमा ने पूरे देश के सामने सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को अपने नेतृत्व में प्रतिष्ठित भी किया।

490 पुलिसकर्मियों को 'केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक'

विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के 490 कर्मियों को शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' प्रदान करने की घोषणा की गई। इसमें सीबीआई के 14 अधिकारी भी हैं। यह पदक राज्यों के पुलिस बलों, सुरक्षा संगठनों, खुफिया इकाइयों, शाखाओं एवं विशेष शाखाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को मिलेगा।

नड्डा ने कर्तव्य भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सरदार की जयंती पर स्वास्थ्य मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कर्तव्य भवन-1 में समारोह में अधिकारियों ने एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।

अयोध्या में दीपोत्सव-2026 के दौरान दिखेगा अद्भुत नजारा

2100 एरियल ड्रोन शो से आसमान में जीवंत होगी रामायण की गाथा, रोशनी का भव्य उत्सव दिखाई देगा, 15 खास ड्रोनों के फॉर्मेशन प्रदर्शित किए जाएंगे

नई दिल्ली/संचार जगत

दीपोत्सव-2026 के दौरान दीयों की रोशनी से जगमगाने वाली रामनगरी का आसमान इस बार भी अद्भुत दृश्य का साक्षी बनेगा। दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2026 में पर्यटन विभाग की ओर से भव्य एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। अयोध्या में 07 नवंबर को जब दीपों की रोशनी से सरयू तट जगमगाएगा, तब आसमान में भी रोशनी का एक भव्य उत्सव देखने को मिलेगा। दीपोत्सव-2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस बार नए कलेवर में एरियल ड्रोन शो प्रस्तुत करेगा। इसमें राम दरबार, पुष्पक विमान और रामायण के प्रमुख प्रसंग आसमान में जीवंत होते नजर आएंगे।

राम की नगरी में 07 नवंबर को रामायण के कई प्रसंग आधुनिक रूप में दिखाई देंगे



'मेड इन इंडिया' ड्रोन 15 मिनट तक दिखाएंगे करतब

'मेड इन इंडिया' तकनीक से निर्मित 2,100 ड्रोन 07 और 08 नवंबर को आसमान में उड़ान भरेंगे। करीब 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में कम से कम 15 अलग-अलग ड्रोन फॉर्मेशन प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें आधे से अधिक फॉर्मेशन पिछले वर्ष की प्रस्तुति से अलग होंगे।श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भव्य नजारे दिखाई देंगे।

कई अलग दृश्य आएंगे नजर

इस बार एरियल ड्रोन शो में भी नवीनता पर खास जोर रहेगा। स्टोरीबोर्ड, स्क्रिप्ट, संगीत और वॉयस ओवर से लेकर आसमान में बनने वाली ड्रोन आकृतियों तक को पहले से अलग रखा जाएगा। 15 विशेष ड्रोन फॉर्मेशन तैयार किए जाएंगे। अधिकतर आकृतियां पिछले दीपोत्सव में दिखाए गए फॉर्मेशन से पूरी तरह नई होंगी।

पात्रों और कथा प्रसंगों को आकर्षक दृश्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हर वर्ष अयोध्या के दीपोत्सव को नई भव्यता देने का प्रयास किया जाता रहा है। इस बार भी एरियल ड्रोन शो में रामायण के प्रमुख पात्रों और कथा प्रसंगों को आकर्षक दृश्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। ड्रोन से बने फॉर्मेशन के जरिए वीर मुद्रा में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान, रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार, हनुमान, महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास जैसे प्रसंग जीवंत होंगे। इसके साथ राम मंदिर, दीपोत्सव, उत्तर प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग के लोगो भी आकाश में प्रदर्शित किए जाएंगे। संगीत, रोशनी और विभिन्न दृश्यात्मक प्रभावों का तालमेल शो को भव्य रूप देगा। वॉयस ओवर और संगीतमय नैरेशन का विशेष समायोजन देखने को मिलेगा।

इस वर्ष ड्रोन की संख्या बढ़ाई गई

'उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ड्रोन शो की लोकप्रियता को देखते हुए हर वर्ष इसकी भव्यता बढ़ाने पर जोर दिया है। इस वर्ष ड्रोन की संख्या बढ़ाकर 2,100 कर दी गई है अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि हमारा प्रयास है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक दीपोत्सव की भव्यता के साथ एक अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटें।

सरदार वल्लभभाई का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : जिला कलक्टर

संचार जगत



जयपुर। भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष जिला कलक्टर संदेश नायक ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के कार्मिको सहित अन्य गणमान्य नागरिको को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

जिला कलक्टर ने बताया की 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में जन्मे वल्लभभाई पटेल का जीवन जीवटता, बुद्धिमता, कठोर अनुशासन एवं व्यवहारिक कुशलता से परिपूर्ण था। उन्होने भारत की आजादी के आंदोलन में न सिर्फ देश को आजाद कराने में अग्रणी भूमिका निभाई बल्कि आजादी के उपरान्त करीब 562 रियासतों में बंटे भारत के भूभाग को एकता के सूत्र में पिरोने का अभूतपूर्व कार्य किया। उनका जीवन भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान जिला कलक्टर सहित सीईओ जिला परिषद् शुभम भैंसारे, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय मेघराज सिंह मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयानी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर शहर उत्तर राजेन्द्र सिंह, सहायक कलक्टर जयपुर प्रथम निधि मीणा, तहसीलदार सुभाषचन्द्र स्वामी, तहसीलदार निर्वाचन कुलदीप, तहसीलदार प्रदीप सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिको ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण में पांच पंचायत समितियों की 112 ग्राम पंचायतों में निर्वाचित हुए सरपंच

नवनिर्वाचित सरपंचों को शुभकामनाएँ देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने की अपीलः ईमानदारी, पारदर्शिता एवं सेवाभाव से करें ग्राम विकास के कार्य

संचार जगत

जयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों की 112 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 30 अक्टूबर को हुए मतदान के बाद निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। निर्वाचन के बाद संबंधित ग्राम पंचायतों के निर्वाचित सरपंचों की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायत समिति आमेर की ग्राम पंचायत अचरोल से गुल्ला राम यादव, कंवरपुरा से राजेन्द्र कुमार जाट, कांट से कैलाश चंद मीणा, कालवाड से प्रभुदयाल मीणा, कूकस से राकेश अटल, खोरा मीणा से छोटा बाई मीणा, घठवाड़ा से गुल्ली देवी, चन्दवाजी से गुलाब देवी, चिताणु कलां से संतोष देवी, चोंप से कैलाश इन्दौरा, छापराडी से सूरजमल मीणा, जुगलपुरा से गीता बुनकर, ढण्ड से प्रदीप कुमार मीणा, देव का हरवाड़ा से उर्मिला बुनकर, दौलतपुरा से ज्ञानी देवी, नांगल सुसावतान से ममता मीणा, बगवाड़ा से उर्मिला देवी शर्मा, बिलौची से मनभर देवी, बीलपुर से मुरारी लाल बंसल, मानपुरा माचेडी से सुल्तान नेगी, रूण्डल से सूरज भान यादव, लखेर से सुमन देवी, लबाना से सीता मीणा, श्यामपुरा से असीना तथा सिरोही से सुरेश कुमार मीणा निर्वाचित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति जालसू की ग्राम पंचायत अनोपपुरा से राम गोपाल बलोदा, खन्नीपुरा से सुनीता शर्मा, खपरिया से माली राम यादव, गुढ़ा सुर्जन से मंजू देवी, जयसिंहपुरा से सीता जाट, जालसू से सीता यादव, टाडावास से राजकुमार मानावत, दुर्गा का बास से जगदीश प्रसाद जाट, देवगुढ़ा से नाना देवी, पुनाना से श्रवण लाल जाट, पोखरसा का बास से भगवती देवी शर्मा, बरना से गोपाल लाल शर्मा पुत्र कानाराम शर्मा, बिचपड़ी से सुरेश कुमार शर्मा, बिहारीपुरा से रोहिताश मीणा, बुगालिया से सरिता देवी, भीलपुरा से प्रहलाद सहाय शर्मा, महेशवास कलां से प्रेम देवी, मूण्डोता से रामचन्द्र सैनी, मोड़ी से गीता देवी, राधाकिशनपुरा से ममता शर्मा, रायथल से मोनिका वर्मा, रोजदा से उत्तम कुमार, सरदारपुरा से हंसराज बुटोलिया, सिरसली से शिम्भूदयाल यादव तथा सुदर्शनपुरा से निशा देवी निर्वाचित हुए हैं।

पंचायत चुनावः राज्य निर्वाचन आयुक्त ने ब्यावर में मतदान केंद्रों का लिया जायजा



संचार जगत

जयपुर। पंचायत आम चुनाव के तीसरे चरण के मतदान की तैयारियों के संबंध में शनिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने ब्यावर जिले के निमाज ओर विराटिया खुर्द के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्ट्रेट में मीडिया से रूबरू होकर उन्होंने चुनाव तैयारियों की जानकारी साझा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए मतदान की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं।

मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें : आयुक्त ने मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा एवं सुरक्षित रखरखाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए।

दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मिले सुगम सुविधाएं : राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए सुगम आवागमन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें, ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

राजीविका दिवाली मेले में उमड़ा विजिटर्स का हुजूम

राजस्थानी व्यंजनों ने मेले की रौनक में लगाए चार चांद, आकर्षक नाइट लाइटिंग

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) की ओर से जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान (IGPRS) परिसर में आयोजित राजीविका दिवाली मेला-2026 का उत्साह लगातार परवान चढ़ रहा है। आठ दिवसीय मेले के चौथे दिन बड़ी संख्या में आगंतुकों का हुजूम उमड़ा। 100 से अधिक स्टॉल्स पर ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हैंडलूम, सजावटी सामग्री और पारंपरिक खाद्य उत्पादों को देखने एवं खरीदने के लिए विजिटर्स में खासा उत्साह देखने को मिला। दिवाली नजदीक आने के साथ ही घरों की सजावट से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी में भी तेजी आई है। पारंपरिक राजस्थानी जायकों, आकर्षक रोशनी और राजस्थानी म्यूजिक से मेले को एक खास उत्सवी माहौल मिल रहा है। मेले में दिवाली के अवसर पर घरों को सजाने के लिए रंग-बिरंगे दीये, कैंडल, रंगोली, तोरण, आकर्षक लाइटिंग और अन्य सजावटी एवं गृह सज्जा उत्पाद आगंतुकों की पहली पसंद बने हुए हैं। पारंपरिक हस्तशिल्प, हर्बल प्रोडक्ट के साथ सजावटी एवं घरेलू उत्पादों की भी अच्छी मांग देखने को मिल रही है। ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा तैयार की गई हस्तनिर्मित जूतियां भी विजिटर्स को खूब पसंद आ रही हैं। कोटा डोरिया की साड़ियां, जयपुर की प्रसिद्ध ब्लू पॉटरी, पारंपरिक कशीदाकारी, डोरमैट, कारपेट और अन्य स्थानीय उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

राजीविका दिवाली मेला-2026

28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जा रहा है। मेले में आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क है। 100 से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों के उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर चित्रकूट थाने में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में एकता परेड का हुआ सीधा प्रसारण

संचार जगत



जयपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जयपुर पुलिस आयुक्तालय की ओर से जयपुर पश्चिम के चित्रकूट पुलिस थाने में शनिवार शाम 5:30 बजे से एकता परेड-2026 का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने लौह-पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता, अखंडता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी राष्ट्र की एकता और सुरक्षा बनाए रखने और उसे और अधिक सुदृढ़ करने के साथ ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी ने प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का प्रण लिया। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी पुलिस थानों में एकता परेड के सीधे प्रसारण का आयोजन किया गया, जिसे स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक देखा और राष्ट्रीय एकता के संदेश से जुड़े। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि आज एकता दिवस के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित एकता परेड-2026 का चित्रकूट थाने में बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को पुलिस थानों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस पहल से पुलिस थानों के माध्यम से आमजन को राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों से जोड़ने और उनमें सहभागिता बढ़ाने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात एवं प्रशासन) प्रदीप मोहन शर्मा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रवीण नायक नूनावत, उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण, उपायुक्त (मुख्यालय) मती अनुष्ठा कालिया, आईपीएस सुश्री अदिति उपाध्याय सहित आयुक्तालय के अधिकारी, पुलिसकर्मी, सामुदायिक पुलिसिंग से जुड़े प्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली विद्यार्थी, युवा एवं आमजन उपस्थित रहे।

लौह-पुरुष सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्र निर्माण की भूमिका का स्मरण

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एकता परेड का सीधा प्रसारण देखा और सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों से प्रेरणा ली। इस दौरान राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

जयपुर में शादी का झांसा देकर युवती का देह शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत

जयपुर। राजधानी जयपुर में शादी का झांसा देकर युवती का देह शोषण करने के मामले में पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 वर्षीय आरोपी विशाल वैष्णव को गुजरात के गांधीनगर से पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, परिवादिया ने 14 अक्टूबर 2026 को पत्रकार कॉलोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि उसकी विशाल वैष्णव के साथ सगाई हो चुकी थी।

आरोप है कि विशाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ देह शोषण किया। बाद में आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 64(2)(द्व), 69 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज (IPS) के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी की तलाश की। इसके बाद पुलिस ने उसे गुजरात के गांधीनगर से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस की ओर से आगे की जांच जारी है।

राज्यपाल की भंवर सिंह के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने साहित्य अकादमी के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित राजस्थानी और हिन्दी के बड़े साहित्यकार, संस्कृति मर्मज्ञ भंवर सिंह सामौर के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। बागडे ने कहा कि सामौर का निधन राजस्थानी साहित्य और संस्कृति की अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने, उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

जयपुर में अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तारः 9 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

शिवदासपुरा थाना पुलिस की कार्रवाई, जयपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा

संचार जगत



जयपुर। दक्षिण की शिवदासपुरा थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और उनकी निशानदेही पर कुल 9 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील बैरागी उर्फ सोनू, कोमल मेघवाल और अक्षय गौतम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ में जयपुर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना सामने आया है। पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र के गांव आमेठा से चोरी की 9 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। बरामद मोटरसाइकिलों में हीरो स्प्लेंडर प्लस और एचएफ डीलक्स जैसी बाइक शामिल हैं। पुलिस ने मामले में संगठित अपराध से जुड़ी बीएनएस की धारा 112(2) भी जोड़ी है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में बाइक चोरी की अन्य वारदातों और गिरोह से जुड़े दूसरे लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

धानक्या रेलवे फाटक के पास मिले संदिग्ध शव के मामले में हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

प्रेम प्रसंग के चलते गांव के ही युवक ने की थी श्रवण सिंह की हत्या, वारदात को ट्रेन हादसा दिखाने की रची थी साजिश

संचार जगत



जयपुर। जयपुर पश्चिम के बिंदायका थाना पुलिस ने धानक्या रेलवे फाटक के पास मिले संदिग्ध शव के मामले का खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी भवानी सिंह उर्फ कालू (28) को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद के चलते आरोपी ने अपने ही गांव के रहने वाले श्रवण सिंह की हत्या कर दी थी। इसके बाद वारदात को ट्रेन हादसे का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 30 अक्टूबर 2026 को बिंदायका थाना क्षेत्र में धानक्या रेलवे फाटक के नजदीक जयपुर से फुलेरा जाने वाली रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव की परिस्थितियां संदिग्ध लगने पर एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता के सुपरविजन, सहायक पुलिस आयुक्त धर्मेंद्र कुमार के निर्देशन और थानाधिकारी अनिल जैमिनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

हत्या को ट्रेन हादसा दिखाने की कोशिशः पुलिस के अनुसार, वारदात के बाद आरोपी ने हत्या को ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत दिखाने की साजिश रची। उसने अपनी चप्पलें और बैग शव से दूर फेंक दिए, ताकि घटना ट्रेन हादसा प्रतीत हो। इसके बाद वह धानक्या गांव होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी भवानी सिंह उर्फ कालू पुत्र होशियार सिंह, निवासी गोविंददासपुरा, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। मामले में बिंदायका थाने में एफआईआर संख्या 278/2026 धारा 103(1) और 238(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इनकी रही विशेष भूमिका कार्रवाई में थानाधिकारी अनिल जैमिनी, उपनिरीक्षक गोवर्धन सिंह, कांस्टेबल रामप्रताप, बाबूलाल और कांस्टेबल श्रीराम शामिल रहे। आरोपी की पहचान करने और उसे पकड़ने में कांस्टेबल श्रीराम की विशेष भूमिका रही।

सीसीटीवी से आरोपी तक पहुंची पुलिस

पुलिस ने जयपुर से लेकर फुलेरा, रेवाड़ी और झुंझुनूं जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इस दौरान कांस्टेबल श्रीराम ने धानक्या रेलवे फाटक के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम झुंझुनूं रवाना हुई और थाना मिहाड़ा क्षेत्र से आरोपी भवानी सिंह को डिटेन कर गिरफ्तार किया। मृतक की पत्नी से बातचीत को लेकर हुआ था विवाद पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक श्रवण सिंह उसके गांव का रहने वाला था और दोनों साथ काम करते थे। आरोपी की मृतक की पत्नी से बातचीत होती थी। इसकी जानकारी श्रवण सिंह को लगने के बाद दोनों के बीच विवाद हो गया था।

हाथोज धाम में दक्षिणमुखी बालाजी महाराज की भव्य झांकी सजाई

पुष्य नक्षत्र पर रविवार को होगा विशेष धार्मिक अनुष्ठान, हनुमंत नामावली पाठ और विशेष आरती का आयोजन

संचार जगत



जयपुर। कालवाड़ क्षेत्र स्थित श्री दक्षिणमुखी बालाजी महाराज हाथोज धाम में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ बालाजी महाराज की भव्य झांकी सजाई गई। इस अवसर पर विधि-विधान के साथ भगवान का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद बालाजी महाराज को सिंदूर चोला अर्पित कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई तथा आकर्षक श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हाथोज धाम पीठाधीश्वर स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि रविवार को पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर श्री बालाजी महाराज एवं श्री सीताराम जी महाराज का विशेष पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान हनुमंत नामावली का पाठ कर भगवान हनुमान जी को तुलसी दल अर्पित किए जाएंगे। साथ ही आदित्य स्तोत्र का पाठ, विशेष आरती और श्रृंगार के धार्मिक आयोजन भी होंगे। स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से भगवान की आराधना की जाएगी तथा विश्व कल्याण एवं जनकल्याण की मंगल कामना की जाएगी।



केंद्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को किया रवाना



संचार जगत

जयपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह बीकानेर विकास प्राधिकरण (बीडीए), बीकानेर पुलिस और बीकानेर रन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुन राम मेघवाल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया और खुद भी दौड़े। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त श्री विश्राम मीणा, पुलिस महानिरीक्षक श्री ओम प्रकाश, जिला कलेक्टर श्री निशांत जैन तथा पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।दौड़ का आयोजन कलेक्ट्रेट के सामने से रविन्द्र रंगमंच, मेजर पूर्ण सिंह सर्किल, ब्रह्मकुमारी सर्किल, पंचशती सर्किल और महर्षि गौतम सर्किल होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर तक निर्धारित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 देशी रियासतों का भारत में विलय कर राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने का ऐतिहासिक कार्य किया।

'रन फॉर यूनिटी' से गूंजा जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सरदार पटेल को किया नमन

संचार जगत



जयपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राजधानी जयपुर में राष्ट्रीय एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। केंद्रीय शिक्षा, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री प्रल्हाद जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में आयोजित भव्य 'रन फॉर यूनिटी' (राष्ट्रीय एकता दौड़) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं और पदक विजेता खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि 500 से अधिक रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण करने वाले सरदार पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके 'एक भारत' के संकल्प को 'श्रेष्ठ भारत' के रूप में साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी भाषाएं और परंपराएं भले ही अलग हों, लेकिन हमारी राष्ट्रीय पहचान एक है। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पारदर्शिता के साथ 410 परीक्षाएं आयोजित कर 1 लाख 93 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि 1 लाख 18 हजार भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। इसके अलावा खेल और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 'मिशन ओलंपिक-2028' और युवा संबल जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद मदन राठौड़ व मंजू शर्मा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और आमजन उपस्थित रहे।

अर्नब तूफान से राजस्थान में बदला मौसम



संचार जगत

जयपुर। अरब सागर से उठे 'अर्नब' चक्रवाती तूफान का असर राजस्थान में साफ तौर पर दिखने लगा है। राज्य के कई हिस्सों में तेज ठंडी हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे अचानक मौसम में बड़ा बदलाव आया है। इस बरसात और मानसूनी फुहारों के चलते प्रदेश के कई प्रमुख शहरों में दिन के तापमान में सीधे 7 से 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। तापमान लुढ़कने से अक्टूबर के अंत में ही लोगों को गुलाबी ठंड के बजाय कड़ाके की सर्दी का अहसास होने लगा है और स्वेटर-जैकेट निकालने पड़े हैं। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग के जिलों में रुक-रुक कर हुई बारिश और सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। हालांकि, राहत की बात यह है कि तूफान का प्रभाव अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। प्रदेश में मौसम साफ होने के साथ ही चटक धूप खिलने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी और लोगों को ठिठुरन से राहत मिलेगी। नवंबर के पहले सप्ताह में मौसम आमतौर पर शुष्क और सुहाना रहने के आसार हैं, जिससे आगामी त्योहारों और शादियों के सीजन में लोगों को घूमने-फिरने में सहूलियत मिलेगी।

सेंट एडमंड्स स्कूल का वार्षिकोत्सव 'AI & I' आयोजित

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में सेंट एडमंड्स स्कूल, जवाहर नगर का वार्षिकोत्सव 'AI & I - Technology Can Think, Humanity Can Feel' अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और संस्थापक स्व. श्री रणबीर सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश भोजवानी (निदेशक, संतोकबा इंस्टीट्यूट) का आत्मीय स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती अनु भाटिया ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। गणेश वंदना और सिम्फनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानवीय संवेदनाओं के बीच संतुलन को बेहद खूबसूरती से दर्शाया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को तकनीक का सही उपयोग करते हुए मानवीय मूल्यों और नैतिकता को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ इस गरिमामय समारोह का समापन हुआ।

विश्वकर्मा में मिला अज्ञात युवक का शवः हत्या या खुदकुशी की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस



संचार जगत

जयपुर। जयपुर के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र स्थित 17 नंबर इलाके के घने जंगल में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह करीब 8:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि जंगल के भीतर एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही विश्वकर्मा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। शव जंगल में मुख्य मार्ग से करीब एक किलोमीटर अंदर झाड़ियों के पास पड़ा हुआ था, जबकि पास ही एक पेड़ से रस्सी का फंदा भी लटका मिला। प्राथमिक जाँच के आधार पर मृतक की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच आंकी जा रही है और घटना करीब एक दिन पुरानी प्रतीत हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया। एफएसएल विशेषज्ञों ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट्स, रस्सी और अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों, फैक्ट्रियों और थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है ताकि मृतक की शिनाख्त हो सके। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में छात्रा ने छत से कूदकर की आत्महत्या

संचार जगत



जयपुर। सीतापुरा स्थित पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहाँ सेकंड ईयर की छात्रा यशस्वी ने इमारत की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका मूल रूप से जयपुर के गुर्जर की थड़ी (प्रेम नगर) की रहने वाली थी। शनिवार सुबह करीब 10 बजे हुई इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत पूरे इलाके को खाली कराया और छात्र-छात्राओं को छुट्टी देकर घर भेज दिया। सूचना मिलने पर शिवदासपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस फिलहाल सहपाठियों व स्टाफ से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों की जाँच कर रही है।

IAS शिखर अग्रवाल के बाद IPS पत्नी प्रशाखा माथुर भी APO

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी में एक ही निजी कंपनी से 40 विला और कॉटेज बेहद कम कीमत पर खरीदने के मामले में बड़ा भूचाल आया हुआ है। पूर्व ACS शिखर अग्रवाल के बाद अब उनकी पत्नी व सीनियर IPS अधिकारी प्रशाखा माथुर को भी सरकार ने APO (आदेशों की प्रतीक्षा में) कर दिया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। प्राथमिक जांच के अनुसार, जब शिखर अग्रवाल उद्योग और पर्यावरण विभाग में उच्च पदों पर तैनात थे, तब अनंता रिजॉर्ट चलाने वाली 'गोयल फैशंस' कंपनी को नियमों और टैक्स में करोड़ों की छूट दिलवाई गई थी। आरोप है कि जिस दिन कंपनी को विशेष पैकेज का फायदा मिला, उसी दिन उदयपुर और अलवर में अग्रवाल परिवार के नाम संपत्तियों की रजिस्ट्रियां की गईं। कई संपत्तियों को सालाना प्रॉपर्टी रिटर्न में छिपाने और बाजार भाव से बेहद कम दाम में खरीदने के आरोप में सरकार ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ यह कड़ी कार्रवाई की है। ACB जल्द ही दोनों से पूछताछ कर सकती है।

पत्नी के प्रेमी ने युवक को ट्रेन के आगे धक्का-दिया

जयपुर। जयपुर में शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शराब पार्टी के बाद चचेरे भाई ने ही युवक की हत्या की थी। दोनों रेलवे ट्रैक के पास थे। ट्रेन के आते ही चचेरे भाई भवानी उर्फ कालू (28) ने धक्का दिया। ट्रेन से टकराने के बाद भी युवक बच गया। इस पर चचेरे भाई ने पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। बिंदायका थाना पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है। हत्या के आरोपी चचेरे भाई के मृतक श्रवण की पत्नी से अवैध संबंध है। इसलिए उसने हत्या की साजिश रची। डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया- बिंदायका के धानक्या-शयोसिंहपुरा रेलवे ट्रैक के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक युवक का शव मिला था।

त्योहारों पर रेलवे की बड़ी राहतः 47 ट्रेनों में जुड़ेंगे 137 अतिरिक्त डिब्बे

संचार जगत



जयपुर। दिवाली और छठ पूजा के पावन पर्व पर अपने घर जाने वाले रेल यात्रियों के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने एक राहत भरा फैसला लिया है। त्योहारों के मौसम में ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट की समस्या को देखते हुए रेलवे ने 1 से 30 नवंबर के बीच 47 जोड़ी प्रमुख ट्रेनों में कुल 137 अतिरिक्त (एक्स्ट्रा) कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यह विशेष सुविधा जयपुर, अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, दिल्ली और अमृतसर जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर शुरू की जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न श्रेणियों में डिब्बे बढ़ाए गए हैं, जिनमें फर्स्ट एसी, सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर और जनरल क्लास के कोच शामिल हैं। अत्यधिक भीड़ वाले और व्यस्त रूट्स की कुछ ट्रेनों में यह अस्थायी व्यवस्था दिसंबर के पहले सप्ताह तक भी जारी रहेगी। रेलवे के इस सराहनीय कदम से रोजाना यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को वेटिंग लिस्ट से राहत मिलेगी और आसानी से कंफर्म सीट व बर्थ मिल सकेगी। त्योहारों के इस सीजन में ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोच जुड़ने से न केवल यात्रियों की यात्रा आसान होगी, बल्कि उनका सफर भी सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक बन सकेगा। रेल प्रशासन का यह कदम यात्रियों को अपनों के साथ त्योहार मनाने की राह आसान बनाएगा।

मावा-दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई





संचार जगत

जयपुर। त्योहारी सीजन में मावा, दूध एवं इनसे निर्मित मिठाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने एवं आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अलसुबह तक खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम जयपुर प्रथम ने चिथवाड़ी मोड़ से घठवाड़ा क्षेत्र तक मावा निर्माण इकाइयों एवं दूध आपूर्ति केंद्रों का सघन निरीक्षण करते हुए कुल 14 नमूने लिए। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. अविचल चतुर्वेदी के निर्देशन में तथा अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम ने गठवाड़ा गांव स्थित श्री बालाजी मावा भंडार, एस.एस. डेयरी, श्री श्याम मावा पनीर उद्योग, माहिर मावा भंडार, तथा चिथवाड़ी मोड़ स्थित मैसर्स एम.के. एंटरप्राइजेज एवं अलंकार मावा पनीर भंडार सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मावा निर्माण प्रक्रिया, दूध की आवक, कच्चे माल की गुणवत्ता, खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं भंडारण व्यवस्था तथा प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की स्थिति की गहनता से जांच की गई।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने ब्यावर में मतदान केंद्रों का लिया जायजा

संचार जगत



जयपुर। पंचायत आम चुनाव के तीसरे चरण के मतदान की तैयारियों के संबंध में शनिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह ने ब्यावर जिले के निमाज ओर विराटिया खुर्द के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्ट्रेट में मीडिया से रूबरू होकर उन्होंने चुनाव तैयारियों की जानकारी साझा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए मतदान की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। आयुक्त ने मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा एवं सुरक्षित रखरखाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा।

जयपुर में शिव विधायक भाटी की पहल पर आज 'विद्यार्थी संवाद'

संचार जगत




जयपुर। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी की पहल पर आज जयपुर के मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में 'विद्यार्थी संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सरलीकरण अभियान के तहत होने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ EWS आरक्षण की विसंगतियों, संभावित सुधारों और शैक्षणिक मुद्दों पर सीधा विचार-विमर्श होगा। अभियान को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पात्र अभ्यर्थियों को आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को समझना और आरक्षण व्यवस्था को अधिक सरल बनाना है। संवाद के माध्यम से युवाओं के सुझाव और अनुभव सामने लाए जाएंगे, जिससे EWS प्रावधानों का लाभ सही मायने में जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

निःशुल्क फिल्म महोत्सव, दिखाई जाएगी 'हनुमान अंश' फिल्म

संचार जगत



जयपुर। गुरुदेव नीमकरौली बाबा की प्रेरणा से वैदिक सनातन जनकल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर की ओर से रविवार, 1 नवंबर 2026 को भव्य निःशुल्क फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध फिल्म 'हनुमान अंश' का विशेष प्रदर्शन जयपुर के पांच बत्ती स्थित राजमंदिर सिनेमा में किया जाएगा। कार्यक्रम के निवेदक एवं धर्मरक्षक पं. हरिशंकर बीलवाल ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को भगवान हनुमान जी की भक्ति, सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक विचारों से जोड़ना है। फिल्म के माध्यम से श्रद्धालुओं को आस्था, सेवा, समर्पण और भारतीय धार्मिक परंपराओं का संदेश मिलेगा। उन्होंने बताया कि फिल्म प्रदर्शन का समय प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी आमंत्रित श्रद्धालुओं से सुबह 8:15 बजे तक अपनी निर्धारित सीट पर बैठने का अनुरोध किया गया है। सुबह 8:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार सभी दर्शकों के लिए सीट नंबर निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने की अपील की गई है। सिनेमा परिसर में गुटखा, तंबाकू एवं बाहरी खाद्य पदार्थ लाना प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं से संभव हो तो केसरिया अथवा लाल वस्त्र पहनकर आने का आग्रह भी किया गया है।



संपादकीय

रहस्यों की पटकथा

युवा महत्त्वाकांक्षा और सफर सफलता का अगर ताबूत बन जाए, तो हमारी परवरिश में कहीं तो खोट है। हमीरपुर के बहुतकनीकी संस्थान के छात्र दुर्गेश के इर्द-गिर्द रूपांतरित हुआ घटनाक्रम बेचैन करता है और जहां जिद्द के पैमाने बाकायदा लूट लिए गए। रक्षा नवाचार संगठन के फर्जी दस्तावेजों से ड्रोन परियोजना के नाम सर्वेश कुमार को खिलौना बनाने वाले कौन थे। हैरत यह कि 3.5 करोड़ की ग्रांट मंजूर होने की खबरों के बीच ऑनलाइन ठगी का ऐसा घटनाक्रम जुड़ गया, जो प्रकरण को संदिग्ध बनाता है। आश्चर्य यह भी कि छात्र संस्थान की तीसरी मंजिल से गिर जाता है। रहस्य की पटकथा के कई सिरे और कई कंकाल हैं, जो अभिभावकों के मन को अशांत कर सकते हैं। इस प्रकरण की जरूरतें न केवल आपराधिक मामले से ही सामने आएंगी, बल्कि सामाजिक तौर पर भी व्यापक चिंता का सबब हैं। एक दूसरे मामले में कांगड़ा के एक युवक ने फर्जी सैन्य अधिकारी की वर्दी में कफन ओढ़ लिया, तो हमारे सामाजिक आवरण के जख्म सामने आ रहे हैं। आखिर फर्जी अधिकारी बन कर युवा कौन सी मंजिल फतह करना चाह रहा था और जब पकड़ा गया, तो मौत को क्यों गले लगाया। दोनों ही मामलों में अपराध की कितनी ही शाखाएं दिखाई दें, लेकिन कई सवाल अब सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में उठ रहे हैं। पिछले कुछ समय से हिमाचल के युवाओं में ऐसी प्रवृत्तियां घर कर रही हैं, जिनके एक तरफ कुआं है, तो दूसरी तरफ खाई है। आसान कमाई के चक्र में नशे में रोजगार खोज रहे युवा अपने जीवन को मिट्टी में मिलाने के लिए क्यों तैयार हो रहे। आजीविका के साधन खोजने के लिए सरकारी तौर पर नौकरी का मोहजाल फैलाना दरअसल भ्रमित करना साबित हुआ और अपनी व्यथा, काबिलीयत और जीवन के लिए कई युवाओं ने गलत रास्ते चुन लिए। यह हमारे शिक्षण संस्थानों की रूपरेखा में एक कमजोरी की तरह है कि प्रतिस्पर्धा में टिक न पाने की स्थिति में, गलत कदम उठा लेते हैं। जाहिर तौर पर ऐसी घटनाएं कानून व्यवस्था के सामने चुनौती बन कर खड़ी हो रही हैं। ऑनलाइन जिंदगी की तरफ बढ़ती जरूरतें और पैसों के बाजार में आ रहे खतरनाक शार्टकट से प्रभावित युवा अब ऐसी दुनिया खोजने में लगे हैं, जिसे सामान्य रूप से देखा ही नहीं जा सकता। दूसरी ओर हिमाचल में अपराध का संगठित तंत्र पड़ोसी राज्यों तक ही नहीं, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सरगनों तक गलबहियां करने लगा है। नशे में युवा संलिप्तता के ऐसे द्वार खुल चुके हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए खतरे की घंटी हैं। हिमाचल में वाहनों के बढ़ते दबाव की एक वजह युवा क्षमता का प्रदर्शन है। प्रदेश भर में युवा चालकों, विशेषतौर पर दोपहिया वाहनों की रफ्तार से घातक दुर्घटनाओं के आंकड़े बढ़ रहे हैं। ऐसे में लाजिमी तौर पर प्रदेश को ट्रैफिक नियंत्रण के सभी उपाय करने होंगे।

भारत-चीन व्यापार घाटा: रणनीतिक आत्मनिर्भरता और आर्थिक संप्रभुता की एक गंभीर चुनौती

यह सच है कि इस अवधि में चीन को होने वाले भारतीय निर्यात में भी कुछ वृद्धि दर्ज की गई है, परंतु ड्रैगन के बाजार से आने वाले आयात का सैलाब इतना भारी-भरकम है कि वह इस निर्यात को पूरी तरह से बौना बना देता है। इस व्यापारिक असंतुलन के पीछे केवल मांग और आपूर्ति के बाजारवादी नियम ही सक्रिय नहीं हैं, बल्कि इसके मूल में कई गहरे संरचनात्मक, कूटनीतिक और नीतिगत कारक निहित हैं। इनमें सबसे प्रमुख कारक चीन की ओर से थोपी जाने वाली 'गैर-शुल्क बाधाएं' हैं।

वैश्विक भू-राजनीति और आर्थिक परिदृश्य में वर्तमान समय भारत के लिए एक बड़े संक्रमण काल का है। एक ओर जहां भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है और वैश्विक मंच पर अपनी मुखर उपस्थिति दर्ज करा रहा है, वहीं दूसरी ओर चीन के साथ लगातार बढ़ता व्यापार घाटा देश की आर्थिक स्थिरता, औद्योगिक क्षमता और दीर्घकालिक संप्रभुता के समक्ष एक गहरी चुनौती बनकर उभर रहा है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की बैठकों के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इस गंभीर विषय पर चिंता व्यक्त किया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह मुद्दा अब केवल वाणिज्यिक आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा की धुरी बन चुका है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि पिछले एक दशक में भारत और चीन के बीच व्यापारिक असंतुलन किस खतरनाक गति से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 52.5 अरब डॉलर था, जो दोगुने से भी अधिक छलांग लगाते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में 112 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह सच है कि इस अवधि में चीन को होने वाले भारतीय निर्यात में भी कुछ वृद्धि दर्ज की गई है, परंतु ड्रैगन के बाजार से आने वाले आयात का सैलाब इतना भारी-भरकम है कि वह इस निर्यात को पूरी तरह से बौना बना देता है। इस व्यापारिक असंतुलन के पीछे केवल मांग और आपूर्ति के बाजारवादी नियम ही सक्रिय नहीं हैं, बल्कि इसके मूल में कई गहरे संरचनात्मक, कूटनीतिक और नीतिगत कारक निहित हैं। इनमें सबसे प्रमुख कारक चीन की ओर से थोपी जाने वाली 'गैर-शुल्क बाधाएं' हैं।



चीनी प्रशासन द्वारा अपनाए जाने वाले जटिल तकनीकी, स्वास्थ्य और गुणवत्ता मानक भारतीय वस्तुओं के लिए एक ऐसा दीवारनुमा अवरोध बन गए हैं, जिसे लांघ पाना भारतीय निर्यातकों के लिए बेहद कठिन हो जाता है। भारत पिछले एक दशक से भी अधिक समय से अपनी विश्वस्तरीय जेनेरिक दवाओं, प्रसंस्कृत मांस और कृषि उत्पादों के लिए चीनी बाजार में सुगम और न्यायसंगत पहुंच की मांग कर रहा है। इसके विपरीत, चीन अपने घरेलू उद्योगों और उत्पादकों को कृत्रिम संरक्षण प्रदान करने के लिए ऐसे जटिल और दुरूह नियम लागू करता है जिनके आगे भारतीय उत्पाद उलझकर रह जाते हैं। परिणाम यह होता है कि उच्च गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी कीमतों के बावजूद भारतीय वस्तुएं चीनी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच पातीं। इसके अतिरिक्त, चीनी मुद्रा युआन की विनिमय दरों में होने वाले कृत्रिम उतार-चढ़ाव भी भारतीय रुपये और यहां के निर्यातकों पर लगातार दबाव बनाए रखते हैं। इस व्यापारिक विडंबना का एक अन्य पहलू यह है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में 'मेक इन इंडिया' और घरेलू विनिर्माण को गति देने के लिए तमाम ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, इसके बावजूद हमारा औद्योगिक उत्पादन अभी भी चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं की बैसाखियों पर टिका हुआ है। आज भी भारत का विशाल इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, डिस्प्ले पैनल, सोलर पीवी सेल, भारी औद्योगिक मशीनरी तथा जीवनरक्षक औषधियों का कच्चा माल यानी एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चीन से होने वाले आयात पर अत्यधिक निर्भर है। इस दोधारी तलवार जैसी स्थिति यह है कि जैसे-जैसे भारत में औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण गतिविधियां बढ़ती हैं, वैसे-वैसे चीन से आने वाले कलपुर्जों और कच्चे माल का आयात भी स्वतः बढ़ने लगता है। इसके साथ ही, चीन ने वैश्विक स्तर पर दुर्लभ मृदा तत्वों लीथियम और आधुनिक उर्वरकों के उत्पादन एवं निर्यात पर लगभग एकाधिकार स्थापित कर लिया है। ये सभी सामग्रियां भारत के भविष्य के उद्योगों–विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और आधुनिक कृषि–के लिए जीवन-रक्त के समान हैं। इनकी सीमित वैश्विक आपूर्ति और चीन द्वारा तय की जाने वाली ऊंची कीमतों के कारण भारत को हर साल अपनी बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का एक बड़ा हिस्सा इनके आयात पर झोंकना पड़ता है। इस विकट स्थिति से निपटने के लिए केवल जवाबी सीमा शुल्क लगाना या आयात शुल्क बढ़ाना कोई दीर्घकालिक और स्थायी समाधान नहीं हो सकता। यह कदम तात्कालिक रूप से भले ही राहत दे, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम महंगाई और औद्योगिक मंदी के रूप में सामने आ सकते हैं। इसलिए, भारत को एक बहुआयामी और व्यापक रणनीतिक रोडमैप तैयार करना होगा। हमारी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत घरेलू इकोसिस्टम विकसित करने की होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम केवल अंतिम उत्पादों की असेंबलिंग तक सीमित रहने के बजाय घटक स्तर पर विनिर्माण की संस्कृति को विकसित करें। जब तक प्रिंटेड सर्किट बोर्ड एडवांस सेंसर, डिस्प्ले पैनल और अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर चिप्स का देश के भीतर उत्पादन शुरू नहीं होता, तब तक चीन पर हमारी निर्भरता को समाप्त कर पाना असंभव है। दूसरा अतिसंवेदनशील क्षेत्र फार्मास्यूटिकल्स और बल्क ड्रग्स का है। हालांकि भारत को गर्व से दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है, लेकिन यह एक कड़वा सच है कि हमारा संपूर्ण दवा उद्योग आज भी अपने बुनियादी कच्चे माल यानी एपीआई के लिए 70 प्रतिशत तक चीन पर निर्भर है। यह निर्भरता केवल व्यापारिक घाटे का सौदा नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा है। इस पर लगाम कसने के लिए देश में घोषित बल्क ड्रग पार्कों की स्थापना के कार्य को युद्धस्तर पर गति देनी होगी तथा महत्वपूर्ण एपीआई के घरेलू उत्पादन के लिए लक्षित प्रोत्साहन योजनाएं लागू करनी होंगी।

संशोधन मांग रहा जनप्रतिनिधित्व कानून

इस समय मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का मुद्दा चर्चा में है। निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (1950) की धारा 21 तथा निर्वाचक-पंजीकरण-नियम (1960) के नियम 25(1) के माध्यम से यह अधिकार प्राप्त है। आयोग तीन प्रकार से पुनरीक्षण कर सकता है। सामान्य पुनरीक्षण, विशेष पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण जिसमें मतदाता सूची से मृत, डुप्लीकेट, स्थानांतरित आदि मतदाताओं के नाम हटाए और नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं। चूंकि विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची एकदम नए सिरे से बनाई जाती है, इसीलिए इसमें ज्यादा समस्याएं आती हैं। जमीनी स्तर पर बीएलओ आदि कर्मचारियों से त्रुटियां होती हैं, पर उसे वोट चोरी का नाम देना गलत है। मगर कुछ दलों ने राजनीतिक लाभ हेतु वोट चोरी का नैरेटिव चला रखा है। चुनाव आयोग वर्ष में चार बार-एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर-को 18 वर्षीय नागरिकों का मतदाता के रूप में पंजीकरण करता है। यहां तक कि यदि कोई नागरिक 17 वर्ष का है, तो भी वह अपना पंजीकरण करा सकता है, ताकि 18 वर्ष की आयु होने पर उसका नाम मतदाता सूची में



स्वतः जुड़ जाए। अतः युवाओं को किसी गलतफहमी का शिकार नहीं होना चाहिए। फिर भी, यदि किसी का नाम मतदाता सूची से कट गया है, तो वह फार्म-6 भर कर अपना नाम अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से जुड़वा सकता है। यदि चुनाव शुरू हो भी जाएं तब भी प्रत्याशियों के नामांकन की अंतिम तिथि तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा सकता है। जहां एक ओर चुनाव आयोग मतदाता सूचियों को अपडेट करने तथा महिलाओं, 85 वर्ष के मतदाताओं, दिव्यांगों और अन्य वैध-मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का अथक प्रयास करता है, वहीं कुछ लोग मतदाता पहचान पत्र होने के बावजूद इसलिए मतदान नहीं कर पाते, क्योंकि उनका नाम मतदाता-सूची से कट जाता है। कभी-कभी तो पूरा परिवार ही मतदाता सूची से गायब हो जाता है, जबकि उन सभी के पास मतदाता पहचान पत्र होता है। चुनाव आयोग 12 अन्य पहचान पत्रों को मान्यता देता है, जिससे मतदाता अपना नाम सूची में होने पर उन्हें दिखा कर मतदान कर सकता है। तब प्रश्न उठता है कि मतदाता पहचान पत्र का फिर क्या औचित्य? जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (1951) को 1958 में संशोधित कर मतदाता पहचान पत्र को कानूनी-वैधता प्रदान की गई। चुनाव आयोग का मतदाता पहचान पत्र विशेष होता है, उस पर एक अल्फा न्यूमेरिक नंबर होता है, जो मतदाता सूची में मतदाता के नाम पर भी अंकित होता है। अन्य किसी पहचान पत्र में वह नंबर नहीं होता। अतः आयोग के अधिकारी 'चेक' कर सकते हैं कि किसी मतदाता पहचान पत्र के अल्फा न्यूमेरिक नंबर का क्या हुआ? क्यों वह हटाया गया? क्या वह कहीं और चला गया या किसी दूसरी जगह उसका मतदाता पहचान पत्र बना है? जिन मतदाताओं के नाम गलती से सूची से कट गए, वे अपने मताधिकार का प्रयोग कैसे करें? क्या उनका तत्काल पंजीकरण कर मतदान सुनिश्चित नहीं किया जा सकता? इसमें जनप्रतिनिधित्व कानून (1951) की धारा 62(1) एक अवरोध है, जो नागरिकों का मतदान अधिकार परिभाषित करता है। इसके अनुसार 'केवल वही व्यक्ति मतदान कर सकता, जिसका नाम उस निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता-सूची में है'। यह कानून 75 वर्ष पुराना है जब मतदाता-सूची के अतिरिक्त मतदाता रिकार्ड का कोई और विकल्प न था। जबकि 1993 से मतदाता पहचान पत्र मतदाता होने का ठोस प्रमाण है। जब मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र दोनों ही चुनाव आयोग जारी करता है, तो फिर उनका स्तर और मान्यता एकसमान क्यों नहीं? अब आयोग को तय करना है कि मतदाता पहचान पत्र होने के बावजूद मतदाता सूची में नाम न होने पर वोट न दे पाने की समस्या का हल कैसे निकाला जाए। जिस तत्परता से आयोग अधिक से अधिक मतदान की कोशिश करता है, लेकिन उसे इसके लिए अपनी कोशिशों का दायरा बढ़ाना ही होगा।

सशक्त नगर निकाय: भारत की भावी वृद्धि और सतत शहरीकरण की शर्त

भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि की गति को दीर्घकालिक और स्थायी बनाए रखने की क्षमता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि हमारे शहरों का नियोजन, प्रशासन और प्रबंधन कितना पारदर्शी एवं कुशल है। वर्तमान में देश की शहरी आबादी लगभग 50 करोड़ है, जिसके वर्ष 2050 तक बढ़कर 85 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है। आबादी में होने वाले इस अभूतपूर्व विस्तार से शहरों के आवास, सार्वजनिक परिवहन, स्वच्छता, पेयजल और बुनियादी नागरिक सेवाओं पर अत्यधिक दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इस गंभीर परिदृश्य के आलोक में, हाल ही में नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा द्वारा भारत के शहरी नियोजन, शासन और वित्तपोषण में आमूल-चूल बदलाव की वकालत अत्यंत समयोचित है। उनका यह स्पष्ट मत कि 'शहरों का संचालन राज्य की राजधानियों से नहीं किया जा सकता', हमारे शहरी प्रशासनिक ढांचे की उस सबसे कमजोर कड़ी को उजागर करता है–अर्थात शहरी स्थानीय निकायों के पास वास्तविक स्वायत्तता और शक्तियों का



नितांत अभाव। विकेंद्रीकरण की विफलता और प्रशासनिक विभाजन स्थानीय स्वशासन को धरातल पर उतारने और नगर निकायों को लोकतांत्रिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से तीन दशक पहले 74वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम लागू किया गया था। यद्यपि संविधान की 12वीं अनुसूची में शहरी निकायों को हस्तांतरित किए जाने वाले 18 प्रमुख कार्यों की सूची स्पष्ट रूप से दर्ज है, किंतु व्यावहारिक धरातल पर यह विकेंद्रीकरण आज भी अधूरा है नीति आयोग और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टें इस बात की पुष्टि करती हैं कि शहरी नियोजन, जल आपूर्ति, सीवरेज, परिवहन और स्वच्छता जैसी मूलभूत नागरिक जिम्मेदारियां नगर निगमों, राज्य सरकार के विभागों और विभिन्न विशेष विकास प्राधिकरणों के बीच बुरी तरह खंडित हैं। इस क्षेत्राधिकार के बिखराव के कारण न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी होती है, बल्कि विभागों के बीच जवाबदेही तय करना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। राजनीतिक नेतृत्व की लाचारी और संस्थागत अनिश्चितता शहरी शासन की एक अन्य बड़ी विडंबना यह है कि हमारे महापौरों के पास व्यावहारिक रूप से न तो कार्यकारी अधिकार होते हैं और न ही वित्तीय शक्तियां। नगर निकायों का असली प्रशासनिक नियंत्रण राज्य सरकार द्वारा नियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के नगर आयुक्तों के हाथों में होता है, जिनका बार-बार और अनिश्चित स्थानांतरण दीर्घकालिक शहरी योजनाओं की निरंतरता को बाधित करता है। इसके अतिरिक्त, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (2024) द्वारा 17 राज्यों के अध्ययन में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि 61 प्रतिशत से अधिक शहरी स्थानीय निकायों में चुनाव समय पर नहीं कराए गए। महापौरों का छोटा कार्यकाल और अनिश्चित चुनावी चक्र स्थानीय नेतृत्व की क्षमता को पंगु बना देते हैं, जिससे शहर भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप मुख्य योजना बनाने और उन्हें लागू करने में असमर्थ रहते हैं। वित्तीय कमजोरी और संसाधनों की तंगी हाल के वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों ने शहरी बुनियादी ढांचे पर निवेश में अभूतपूर्व वृद्धि की है। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित 1 लाख करोड़ रुपये का 'शहरी चुनौती कोष' और सात नगर-आर्थिक क्षेत्रों के लिए प्रति क्षेत्र 5,000 करोड़ रुपये का आवंटन यह दर्शाता है कि शहरों को आर्थिक विकास का नया केंद्र माना जा रहा है।

बिकवाली के बीच भारतीय शेयर बाजार की मजबूती, नीतिगत सुधारों की जरूरत

भारतीय शेयर बाजारों के प्रदर्शन पर जबरदस्त बहस चल रही है। मानक सूचकांक निफ्टी इस वर्ष की शुरुआत से अब तक 12 फीसदी नीचे आ चुका है। उम्मीद के मुताबिक ही बुधवार को समाप्त बिज़नेस स्टैंडर्ड के सालाना सम्मेलन बीएफएसआई इनसाइट समिट में इस विषय के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। भारतीय शेयर बाजारों के कमजोर प्रदर्शन की सबसे बड़ी वजहों में से एक है विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा की गई बिकवाली। विशुद्ध रूप से देखें तो उन्होंने इस वर्ष करीब 29 लाख करोड़ रुपये मूल्य की बिकवाली की। एफपीआई द्वारा भारतीय शेयरों की बिक्री की कई वजह हैं। उनमें से सबसे बड़ी वजह है आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) कारोबार। कुछ विश्लेषकों ने उन कठिनाइयों का भी जिक्र किया है जिनका सामना एफपीआई को करना पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने सम्मेलन में कहा कि नियामक दुनिया भर के विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के साथ बातचीत कर रहा है। कुछ समस्याएं हैं और नियामक उन्हें दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। उदाहरण के लिए एफपीआई के पंजीकरण में लगने वाला समय काफी कम हुआ है। पांडेय ने बताया कि सकल घरेलू उत्पाद में बाजार पूंजीकरण की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2015-16 के लगभग 69 फीसदी से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में करीब 130 फीसदी हो गई है। इस वृद्धि के पीछे मुख्य वजह भारतीय शेयर बाजारों में नई कंपनियों का सूचीबद्ध होना रहा है न कि जरूरी तौर पर कंपनियों के मूल्यांकन में बढ़ोतरी। हाल में तो कंपनियों के मूल्यांकन में काफी गिरावट आई है। सम्मेलन में यह सामने आया कि आईपीओ की संख्या के लिहाज से भारत 2025 में दुनिया में पहले स्थान पर था जबकि इनके कुल मूल्य के मामले में तीसरे स्थान पर रहा। गौरतलब है कि सबसे बड़ा आईपीओ, जियो प्लेटफॉर्म्स इसी सप्ताह सूचीबद्ध हुआ। इसके शेयरों ने निर्गम मूल्य से काफी प्रीमियम पर कारोबार शुरू किया और कंपनी भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कंपनियों में दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। जियो के आईपीओ और उसकी सूचीबद्धता ने बाजार की बहस को एक नया आयाम दिया। व्यापक रुझान और एफपीआई की बिकवाली के बावजूद आईपीओ की मांग और उसकी सफल सूचीबद्धता दिखाती है कि भारतीय बाजार मजबूत कारोबार को बड़े पैमाने पर जोखिम पूंजी मुहैया कराने में सक्षम हैं। इसमें घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी की भूमिका रही है। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस साल की शुरुआत से अब तक 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के शेयर खरीदे हैं। बुनियादी स्तर पर देखें तो विश्लेषकों की यह बात सही है कि भारतीय बाजार के लिए परिस्थितियों में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आया है। अर्थव्यवस्था मजबूत गति से बढ़ रही है और चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अब तक आए कंपनियों के नतीजों को लेकर शिकायत की कोई बड़ी वजह नहीं है। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली मुख्य रूप से वैश्विक कारकों से प्रेरित है। एआई से जुड़ी कंपनियों में निवेश बढ़ने के अलावा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों में बढ़ी जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने भी विदेशी पूंजी के प्रवाह को प्रभावित किया है। विकासशील देशों में बॉन्ड पर बढ़ती यील्ड दरों और मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव ने वैश्विक फंड प्रबंधकों के लिए निवेश संबंधी गणनाओं को और जटिल बना दिया है। हालांकि कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर भारत को बहस करने और समाधान निकालने की जरूरत है। एफपीआई अलग-अलग देशों में कर चुकाने के बाद मिलने वाले डॉलर आधारित रिटर्न की तुलना करते हैं। इससे भारत में निवेश का आवंटन प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकता है। इसलिए भारत की कर नीति को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने की जरूरत है। घरेलू बचत के पूरक के रूप में भारत को अब भी विदेशी पूंजी की आवश्यकता है। एक अन्य मुद्दा यह है कि भारत में रहने वाले निवेशकों के लिए अलग-अलग निवेश साधनों पर किस तरह कर लगाया जाता है।

लघु कथा

इन्द्रधनुष के नीचे

कवि और ज्ञानी, दोनों ही चले–उस छिपे धन की खोज में। उन्होंने सुन रखा था कि जहाँ इन्द्रधनुष ज़मीन पर खड़ा होता है, वहीं वह धन गड़ा रखा है। 'ज्ञानी साथ में कई यन्त्र ले गया। जहाँ कहीं इन्द्रधनुष देख पाता, गणित से उसकी परिधि नापकर, त्रिज्या और केन्द्र की खोजकर, उपयुक्त स्थान पर खोदने लगता। कवि घास पर लेटकर सूर्य-रश्मियों से खेलता। वे उसके चारो ओर नाचतीं और उसे कल्पना-लोक की कथायें सुनातीं। कवि को हरएक वनस्पति से परिचय हो गया, हरएक पशु-पक्षी की भाषा उसे आ गई और हवा के झकोरियों पर चढ़कर आते हुए प्रकृति के मूक सन्देशों को भी वह न-जाने कैसे समझने लग गया। 'एक दिन जब ज्ञानी गम्भीर, थका-माँदा ज़मीन के भीतर से निकला, तो उसके छिले-कटे हाथों में कुछ अजीब-से पत्थर थे। वह कवि का विकसित मुख देखकर कुँलसा-सा पड़ा, बोला–'अकर्मण्य! आलसी! तुम्हें क्या हो गया है?

'किसने तुमसे कहा कि मैं आलसी हूँ?'

'तुम हमेशा यहाँ बाहर ही तो पड़े रहते हो और यहाँ मैं ज़मीन के भीतर तक धँस जाता हूँ।

'लेकिन ज़मीन की सतह पर भी तो कुछ मिल सकता है?'

'सतह पर क्या मिलेगा? पाने के लिए तो भीतर ही पहुँचना होगा। मुझे तो अभी तक ठीक स्थान नहीं मिला; पर मैंने कई अद्भुत आविष्कार किये हैं, और निश्चय है कि सफलता मिलेगी।'

'कवि ने कोई उत्तर नहीं दिया। अचानक वह रुक गया और ज्ञानी की बाँह पकड़कर इशारा करने लगा!

एक और इन्द्रधनुष!'–ज्ञानी चिल्लाया और यन्त्र निकालकर गणित करने लगा।

'परन्तु कवि की आँखें उस प्राकृतिक विभूति की अतुलनीय सुषमा का पान कर रही थीं, और तब एकाएक उसने उस चमकते हुए धनुष के पीछे एक अद्भुत सौंदर्यमयी को देखा–विषादपूर्ण, आकर्षक आँखें, काले कुंचित केश... वह शायद उसी की प्रतीक्षा कर रही थी। कुछ देर बाद वह मुड़ी और चलने लगी। पागल की भाँति कवि उसके पीछे दौड़ा–सब कुछ भूलकर, उस गुप्त धन की चिन्ता छोड़कर, अपने मित्र को छोड़कर। वह उसके पीछे दौड़ा चला जा रहा था। पहाड़ियों और मैदानों को पार करते हुए वह उसके पीछे दौड़ा चला जा रहा था। मालूम नहीं, कितने देश पीछे छूट गये, कितने लोक उसने लाँघ डाले... और फिर भी वह पीछा खत्म नहीं हुआ। उसने सारी दुनिया देखी और देखी उसकी पीड़ा। जहाँ कहीं भी उसने देखा, उसे वेदना ही दीख पड़ी, शायद इसलिए कि उसके हृदय के भीतर भी एक पीड़ा ही जल रही थी–प्रेम-पीड़ा।

राष्ट्रीय एकता दिवसः सरदार पटेल को श्रद्धांजलि और 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

संचार जगत



नई दिल्ली। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद गृह मंत्री और सीएम रेखा गुप्ता ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाई।

अखंड भारत के निर्माता

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार साहब ने 550 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के भूगोल का निर्माण किया, जिसे दुनिया असंभव मानती थी।

2029 तक नशा-मुक्त भारत का संकल्प

गृह मंत्री ने देशवासियों से अपील की कि देश को 31 दिसंबर 2029 तक पूरी तरह नशा-मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने का पहला कदम एक नशा-मुक्त समाज की रचना करना है।

श्रीहरिकोटा से लॉन्च हुआ GSLV-F18

ISRO ने रचा इतिहास, NVS-03 सैटेलाइट अंतरिक्ष में स्थापित

संचार जगत



श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए इतिहास रच दिया है। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से GSLV-F18 रॉकेट के जरिए अत्याधुनिक नेविगेशन सैटेलाइट NVS-03 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। रॉकेट के उड़ान भरते ही अंतरिक्ष की ओर बढ़ते उस पल ने हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। इस ऐतिहासिक कामयाबी पर देश भर में जश्न का माहौल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ISRO के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा है कि हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। यह मिशन भारत के स्वदेशी उपग्रह नेविगेशन सिस्टम नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन को और अधिक मजबूत और उन्नत बनाने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। NVS-03 सैटेलाइट की सबसे बड़ी विशेषता इसमें लगी स्वदेशी एटॉमिक क्लॉक (परमाणु घड़ी) है, जो भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैज्ञानिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर एक नई मजबूती प्रदान करती है। इस स्वदेशी तकनीक के जुड़ने से अब भारत को अपनी सटीक नेविगेशन और पोजीशनिंग सेवाओं के लिए किसी भी दूसरे देश पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सैटेलाइट भारत की भू-सामरिक और नागरिक सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। NVS-03 की मदद से न केवल भारत की मुख्य भूमि पर, बल्कि देश की सीमाओं से 1500 किलोमीटर तक के व्यापक दायरे में अत्यधिक सटीक, सुरक्षित और भरोसेमंद नेविगेशन सेवाएं उपलब्ध कराने की क्षमता और अधिक मजबूत हो गई है। इसका उपयोग परिवहन, रक्षा, आपदा प्रबंधन और आम नागरिकों की दैनिक डिजिटल सेवाओं में बड़े पैमाने पर किया जाएगा। इस सफल प्रक्षेपण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और असाधारण प्रतिभा की खुलकर सराहना की है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की यह एक और बड़ी और निर्णायक छलांग है, जो देश की तकनीकी ताकत, वैज्ञानिक कौशल और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों तक ले जा रही है। ISRO की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम लगातार नई बुलंदियों को छू रहा है।

हूती विद्रोहियों ने यमन के राष्ट्रपति भवन पर मिसाइलें दागीं

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को अदन में राष्ट्रपति भवन पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, यह साफ नहीं है कि मिसाइलें अपने निशाने पर लगीं या नहीं। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन की ओर एंबुलेंस जाते हुए देखी गईं। यमन सरकार के सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने अदन एयरपोर्ट पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। हालांकि, उन्होंने हमले में किसी के मारे जाने या घायल होने की जानकारी नहीं दी। राष्ट्रपति भवन पर 15 दिन में यह दूसरा हमला है। इससे पहले 15 अक्टूबर को हुए हमले में 4 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के मदीना इलाके की ओर भी ड्रोन भेजा था। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने इसे हवा में ही मार गिराया। अदन यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का प्रमुख केंद्र है।

ध्रुव राठी के खिलाफ नया जमानती वारंट जारी



संचार जगत

नई दिल्ली। यूट्यूबर ध्रुव राठी की कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने साल 2018 के एक आपराधिक मानहानि मामले में उनके खिलाफ दोबारा जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने यह सख्त कदम 17 अक्टूबर को जारी पिछले वारंट की तामील न होने पर उठाया है। यह मामला 2018 का है, जब विकास पांडे नामक व्यक्ति ने ध्रुव राठी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि राठी ने अपने यूट्यूब चैनल पर 'BJP IT Cell Part 2' शीर्षक से एक वीडियो अपलोड कर उनके खिलाफ मानहानिकारक सामग्री प्रसारित की थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल जैन की अदालत द्वारा पिछला वारंट तामील कराने भेजा गया था, लेकिन प्रोसेस सर्वर को राठी का मकान बंद मिला। इसके बाद अदालत ने गुरुग्राम स्थित पते पर नया समन भेजने और 31 अक्टूबर को फिर से नया जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया। फिलहाल यह मामला अदालत में विचाराधीन है।

जी20 देशों के विदेश मंत्रियों का फोटो सेशन रद्द

अटलांटा। अमेरिका में हो रही ज20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शुक्रवार को रूस को लेकर विवाद हो गया। पहले दिन की बैठक का ग्रुप फोटो सेशन रद्द करना पड़ा। रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर करीब एक-तिहाई देशों ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ तस्वीर खिंचवाने से इनकार कर दिया था। कुछ देशों ने फोटो सेशन में शामिल नहीं होने की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद अमेरिका ने फोटो सेशन रद्द करने का फैसला लिया। हालांकि, इससे बैठक के बाकी कार्यक्रम पर असर नहीं पड़ा और बातचीत तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रही। यह दो दिवसीय बैठक अमेरिका के अटलांटा शहर में विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी में 30 और 31 अक्टूबर को हो रही है। इसमें भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल हुए हैं।

जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के खिलाफ 24 विधायक लामबंद

संचार जगत



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद असंतोष के संकेत मिले हैं। पार्टी के 24 विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। 18 विधायकों ने शुक्रवार को श्रीनगर में लोलाब विधायक कैसर जमशेद लोन के घर बैठक की, जबकि 6 विधायक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को कैबिनेट विस्तार में बने 4 नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। इसके साथ वे मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोगामी पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप है। बैठक में विधायकों ने 4 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बनाने का फैसला किया। इसकी अगुआई पार्टी के सीनियर लीडर और गुरेज विधायक नजीर अहमद गुरेजी तथा थानामंडी विधायक मुजफ्फर इकबाल खान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। विधायकों ने नेतृत्व के जवाब का इंतजार करने और उसके बाद आगे की रणनीति तय करने का फैसला किया है। बैठक में शामिल विधायकों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने पार्टी नहीं छोड़ने की शपथ भी ली। हालांकि, कुछ लोगों पर पार्टी के आंतरिक कामकाज को कमजोर करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, गुरेज विधायक नजीर अहमद गुरेजी ने बैठक को सामान्य मुलाकात बताया। उन्होंने कहा कि कैसर जमशेद लोन ने दोपहर के भोजन पर बुलाया था और इसे राजनीतिक बैठक नहीं माना जाना चाहिए।

दिल्ली में 1 नवंबर से BS-VI वाहनों की अनिवार्यताः वकीलों ने मांगी एंट्री में छूट

संचार जगत

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में सर्दियों के दौरान बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। 1 नवंबर 2026 से 31 जनवरी 2027 तक दिल्ली में BS-VI मानक से कम वाले वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

वकीलों की परेशानी और छूट की मांग

इस नए नियम से दिल्ली-NCR से आने-जाने वाले अधिवक्ताओं को होने वाली बड़ी परेशानी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने स्ट्र सेक्रेटरी जनरल को पत्र लिखकर वकीलों को इसमें छूट देने की मांग की है। इसी क्रम में दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने भी एक्टिंग चीफ जस्टिस को पत्र भेजकर अधिवक्ताओं को राहत देने की अपील की है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जारी की हेल्पलाइन

नियमों और वाहनों की पात्रता से जुड़े भ्रम को दूर करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 011-25844444 / 1095 जारी किया है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को सलाह दी है कि वे दिल्ली में प्रवेश करने से पहले अपने वाहन के उत्सर्जन मानक, रजिस्ट्रेशन और PUCC की वैधता जांच लें, ताकि उन्हें किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

5-स्टार होटल के पूल में करंट, 2 विदेशियों की मौत



संचार जगत

बेंगलुरु। 5-स्टार कॉनराड होटल के स्विमिंग पूल में शुक्रवार शाम करंट लगने से दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। घटना होटल की तीसरी मंजिल पर बने पूल में हुई। मृतकों की पहचान 57 साल के जर्मन नागरिक अलेक्जेंडर मैक्सिमिलियन थाइस और 45 साल के स्लोवाकियाई नागरिक जुराज होर्वाट के रूप में हुई है। दोनों होटल में ठहरे हुए थे। दोनों को बचाने की कोशिश में एक अमेरिकी नागरिक और होटल का पूल अटेंडेंट घायल हो गए। दोनों को मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। जर्मन नागरिक अलेक्जेंडर मैक्सिमिलियन थाइस लुफ्थांसा एयरलाइंस में क्रू मेंबर थे। स्लोवाकियाई नागरिक जुराज होर्वाट टेक कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। पुलिस के मुताबिक, दोनों तैरने के लिए होटल के तीसरी मंजिल पर बने स्विमिंग पूल में गए थे। इसी दौरान उन्हें कथित तौर पर करंट लग गया। होटल में ठहरे 41 साल अमेरिकी नागरिक मैथ्यू डीसेंटिस और भारतीय पूल अटेंडेंट 28 साल राहुल तिवारी ने दोनों को बचाने की कोशिश की। इस दौरान दोनों घायल हो गए। मैथ्यू डीसेंटिस और राहुल तिवारी को मणिपाल हॉस्पिटल ले जाया गया। दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। केस दर्ज कर करके पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। होटल मैनेजमेंट की ओर से अब तक इस घटना पर कोई बयान नहीं आया है।

बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध

संचार जगत



ढाका। बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध हो रहा है। विपक्षी नेता नाहिद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में एक रैली के दौरान आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बांग्लादेश में भारत को ट्रांजिट कॉरिडोर देने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की जमीन भारत को नहीं दी जाएगी। ट्रांजिट कॉरिडोर का मतलब एक देश की जमीन और सड़क का इस्तेमाल करके दूसरे देश के किसी हिस्से तक सामान पहुंचाना है। इससे दूरी और सामान पहुंचाने में लगने वाला समय कम हो सकता है। नाहिद ने गंगा जल समझौते को लेकर भी सरकार से सख्त रुख अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर समझौते को नए सिरे से करते समय बांग्लादेश के हितों का ध्यान नहीं रखा गया, तो लोग इसके विरोध में सड़कों पर उतरेंगे। नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम की अगुआई में तारिक रहमान सरकार के खिलाफ ढाका में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन भी हुआ प्रदर्शनकारी बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और पेट्रोल-डीजल व गैस की कमी से नाराज थे। उन्होंने गृह मंत्री और ऊर्जा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारत विरोधी नारे भी लगाए। रैली में 'दिल्ली नहीं, ढाका ढाका' के नारे लगाए गए। दरअसल, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान 26 से 29 अक्टूबर तक जापान के दौरे पर थे। इस दौरान जापान और बांग्लादेश के बीच बंगाल की खाड़ी के आसपास व्यापार और आवाजाही बढ़ाने पर सहमति बनी। जापान बांग्लादेश में मातरबाड़ी नाम का एक बड़ा बंदरगाह भी बना रहा है।

बाउंसरों ने शराब की बोतल से किया हमला

जयपुर। जयपुर के मालवीय नगर स्थित मोलिज क्लब में युवक और उसकी दोस्त के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। मामले में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने क्लब मैनेजर और दो बाउंसर को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की ओर से क्लब के बाउंसरों और मैनेजर पर हमला करने के साथ सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने क्लब के बाउंसरों और मैनेजर पर धर्म को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने, जातिसूचक गालियां देने और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है और मामले में दोनों पक्षों के आरोपों की जांचे की जा रही है।

दिल्ली की जूता फैक्ट्री में आग, 4 की मौतः2 की हालत गंभीर



संचार जगत

नई दिल्ली। दिल्ली के मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में जूते की फैक्ट्री में शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों की हालत गंभीर है। रेस्क्यू टीम ने 6 लोगों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला था। उन्हें संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, वहीं, 5 अन्य लोगों को बिल्डिंग के चौथे फ्लोर से रेस्क्यू किया गया। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चला है। आग बेसमेंट से शुरू हुई थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के सहायक मंडल अधिकारी पारस कुमार ने कहा, 'यह फैक्ट्री जूते-चप्पल बनाती और स्टोर करती है। आग बेसमेंट में लगी थी। फिलहाल आग पूरी तरह से बुझ गई है और कूलिंग प्रोसेस चल रहा है, अब अंदर कोई नहीं बचा है। फैक्ट्री मालिक को पूछताछ के लिए बुलाया है। ठेकेदार और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

MBA करने लंदन गई लड़की का शव पुणे में मिला

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में 34 साल की एक महिला का शव किराए के फ्लैट में मिला। वह MBA की पढ़ाई करने के लिए लंदन गई थी, लेकिन परिवार को बिना बताए ही भारत लौट आई थी। उसके माता-पिता को कई महीने तक लगता रहा कि बेटी लंदन में ही है। महिला की पहचान छत्रपति संभाजीनगर की रहने वाली मुग्धा अविनाश देशमुख के रूप में हुई है। गुरुवार को उनका शव मिला। पुलिस के मुताबिक, शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। मौत की वजह अभी सामने नहीं आई है। मुग्धा जुलाई 2025 में स्ट्रक करने के लिए च गई थीं। हालांकि, इसी साल अगस्त में वह भारत लौट आईं और पुणे में रहने लगीं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने परिवार को नहीं दी थी। मुग्धा के माता-पिता की उनसे फोन और मैसेज के जरिए बातचीत होती रहती थी।

पंजाब चुनावः AAP ने जारी की 40 उम्मीदवारों की पहली सूची, धुरी से चुनाव लड़ेंगे भगवंत मान



संचार जगत

चण्डीगढ़। आम आदमी पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रत्याशियों का ऐलान किया।प्रमुख उम्मीदवार धुरी सीट से मुख्यमंत्री भगवंत मान, अजनाला से कुलदीप सिंह धालीवाल, तरणतारन से हरमीत सिंह संधू, बटाला से शैरी कलसी, अमृतसर साउथ से डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर, खेमकरण से सरवण सिंह धुन, नकोदर से इंदरजीत कौर मान, करतारपुर से बलकार सिंह, दसूहा से करमबीर सिंह घुमन और उड़मुड़ से जसवीर सिंह राजा गिल चुनाव मैदान में उतरेंगे। कामकाज के दम पर चुनाव लड़ने का दावा मनीष सिसोदिया ने कहा कि पंजाब की जनता क्सरकार के पिछले 5 सालों के शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी और किसानों के लिए किए गए कामकाज से बेहद खुश है। पार्टी इन 5 वर्षों के प्रदर्शन के आधार पर ही दोबारा चुनाव मैदान में उतरेगी।

पोलैंड में पीएम टस्क पर तख्तापलट का आरोपः कोर्ट के 2 जज निलंबित

संचार जगत



वारसॉ। पोलैंड में प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की सरकार पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगा है। यह विवाद देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल को लेकर शुरू हुआ है। एक जज ने शुक्रवार को संवैधानिक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खुद ही अध्यक्ष की जिम्मेदारी ले ली। विपक्ष इससे नाराज हो गया। उसने सरकार पर तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया। सैकड़ों लोग जज के फैसले के विरोध में अदालत के बाहर जमा हो गए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर चीजें फेंकीं। हालात बिगड़ने पर राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की सेनेगल जाते समय बीच रास्ते से ही वापस लौट आए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में राष्ट्रपति का देश में रहना जरूरी है। पोलैंड में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों की अलग-अलग जिम्मेदारियां हैं। प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क सरकार चलाते हैं, जबकि राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। दोनों के बीच अदालतों में जजों की नियुक्ति और उनके काम करने के तरीके को लेकर विवाद चल रहा है। अब यह लड़ाई देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल तक पहुंच गई है।

एक देश-एक चुनावः JPC अध्यक्ष पीपी चौधरी बोले– 2029 से लागू करने का प्रयास

संचार जगत



नई दिल्ली। 'एक देश-एक चुनाव' पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा है कि देश के हित में इस व्यवस्था को 2029 के आम चुनावों से लागू करने की दिशा में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए शासित राज्यों के साथ-साथ विपक्षी (इंडी गठबंधन) शासित राज्य भी देश हित में इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति देंगे। चौधरी ने स्पष्ट किया कि समिति विपक्षी दलों के विचारों और आपत्तियों को पूरी गंभीरता से सुन रही है। उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस नई व्यवस्था से क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचेगा। यदि किसी राज्य में सरकार अपना तय कार्यकाल पूरा होने से पहले ही गिर जाती है, तो वहां पूरे 5 साल के बजाय केवल शेष बचे कार्यकाल के लिए ही चुनाव कराए जाएंगे ताकि देश का चुनावी चक्र प्रभावित न हो। वहीं बैठक में विपक्ष द्वारा उठाए गए एसआईआर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पारदर्शी और सही चुनावों के लिए मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों और स्थायी रूप से जगह बदल चुके लोगों के नाम हटाना बेहद जरूरी है।

अलवर में मतगणना विवाद: भीड़ के हमले में DSP और ASI घायल

संचार जगत

अलवर। जिले के राजगढ़ क्षेत्र स्थित राजपुरबड़ा ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव परिणाम के बाद जबरदस्त उपद्रव मच गया। मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पराजित उम्मीदवार महेंद्र शर्मा और उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया और समझाइश करने पहुँची पुलिस टीम पर अचानक पथराव कर दिया। हार से गुस्साए लोगों का आरोप था कि मतदान के बाद कुल पड़े वोटों की संख्या अधिक बताई गई थी, लेकिन काउंटिंग के दौरान वोटों का अंतर बदल दिया गया और आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया गया। रातभर चले धरने के बाद शनिवार सुबह स्थिति तब बेकाबू हो गई जब पुलिस भीड़ को शांत कराने पहुँची। अचानक हुए इस हमले में राजगढ़ DSP देशराज कुलदीप और एक ASI का सिर फटने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो अन्य सिपाही भी चोटिल हुए हैं। उपद्रवियों ने पुलिस की गाड़ियों और मोटरसाइकिलों में भी भारी तोड़फोड़ की। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। जिला एसपी के अनुसार, हिंसा में शामिल आधा दर्जन उपद्रवियों को हिरासत में ले लिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

जोधपुर में मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों को बनाया निशाना, बुजुर्ग की मौत

संचार जगत

जोधपुर। राजस्थान में मधुमक्खियों के हमले की एक दर्दनाक घटना सामने आई है। एयरफोर्स स्टेशन से पांच बत्ती जाने वाले मार्ग पर मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों पर हमला कर दिया। इस घटना में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग डंक लगने से घायल बताए जा रहे हैं।जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर पाबूपुरा रोड पर अचानक मधुमक्खियों का छत्ता टूटकर नीचे गिर गया। इसके बाद मधुमक्खियों ने वहां से गुजर रहे लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान किशनलाल नाम के बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ गए। उन्हें गंभीर हालत में महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।बताया जा रहा है कि हमले में कुछ अन्य लोग भी घायल हुए हैं और एक-दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हालांकि, एयरपोर्ट थाना पुलिस के अनुसार अन्य घायलों ने अभी उनसे संपर्क नहीं किया है।ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले लोग सतर्क रहें और फिलहाल घटनास्थल के आसपास जाने से बचें।

इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें बेटियां : इंजीनियर जाकिर हुसैन

संचार जगत



कोटा। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कोटा के घंटाघर स्थित अंजुमन इस्लामिया सेकेंडरी स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी के जीवन संघर्ष, उनकी उपलब्धियों और देश के विकास में दिए गए योगदान के बारे में विस्तार से बताया गया।

इंदिरा गांधी का जीवन साहस का उदाहरण

मुख्य वक्ता इंजीनियर जाकिर हुसैन ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत नेतृत्व क्षमता की मिसाल है। उन्होंने छात्राओं से उनके पदचिह्नों पर चलकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

समान अवसर से बनेगा मजबूत समाज

अंजुमन के सदर सलीम खान ने बेटियों को समाज की असली शक्ति बताते हुए कहा कि उन्हें बेहतर शिक्षा और समान अवसर देकर ही एक प्रगतिशील समाज बनाया जा सकता है। वहीं, सचिव सलीम शेरी ने देश के प्रति समर्पण और सेवा भावना विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या शबाना हयात ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

अनजान-नंबर से आया कॉल,विवाहिता ने टांके में कूदकर दी जान

संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर के कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में विवाहिता ने पानी के टांके में कूदकर जान दे दी। मृतका के पति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 29 अक्टूबर शाम 6 बजे मोती नगर थाना इलाके की है। मृतका के पति ने पुलिस में दी शिकायत के अनुसार, विवाहिता ने मानसिक रूप से परेशान होकर सुसाइड किया। पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी, दो बच्चों और ससुर के साथ कुड़ी भगतासनी में रहता है। पति भानु का कहना है कि उनके घर में किसी प्रकार का कोई घरेलू विवाद नहीं था। घटना के दिन और उससे पिछली रात को जब मृतका के मोबाइल पर दो अनजान लोगों के व्हाट्सएप कॉल और मैसेज आए, तो पति ने शक होने पर फोन चेक किया। वॉइस रिकॉर्डिंग खंगालने पर पता चला कि फोन करने वाले लोग लगातार पैसों की मांग कर रहे थे। पति ने जब मामले की पड़ताल की तो सामने आया कि फोन करने वाले आरोपियों के दबाव में आकर उसकी पत्नी पहले ही 20,000 रुपए और घर के कुछ गहने बेचकर उन ठगों को दे चुकी थी। इन अज्ञात ठगों द्वारा लगातार रुपयों की मांग करने और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर ही महिला ने यह सुसाइड का कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार पति ने बताया कि इसी मानसिक प्रताड़ना के कारण उसकी पत्नी ने जान दी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने एम्स मोर्च्यूरी पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और कार्रवाई शुरू की।

अलवर में भाजपा की पदयात्रा: सिंधिया ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर साधा निशाना

संचार जगत



अलवर। अलवर में 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पदयात्रा निकाली जा रही है. शहीद स्मारक पहुंची भाजपा की पदयात्रा को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संबोधित किया. उन्होंने पदयात्रा में मौजूद सभी माननीयों का आभार जताया. केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और वन मंत्री संजय शर्मा का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं. भारत के लोकतंत्र को जन्म देने में जिनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान था. देश के राजाओं को एक माला में पिरोकर हजारों साल पुराना सपना पूरा किया. भारत में लोकतंत्र प्रणाली का राज स्थापित किया. भारत के लोकतंत्र को जन्म देने में जिनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान था वे देश के सपूत सरदार पटेल थे, आज उनकी जयंती है।किसी कांग्रेसी नेता ने सरदार पटेल के बारे में नहीं सोचा. मेरे पूर्वजों ने सरदार पटेल का चित्र बनवाकर संसद को भेंट किया. जिस पर आज पुष्प अर्पित होते हैं. भारत का लोकतंत्र किसी एक परिवार की बपौती नहीं है. देश के नागरिकों की पूंजी है. जब हारो तो आत्ममंथन करो. नहीं तो पश्चाताप करो। कांग्रेस को ना आंदोलन ना विकास केवल कुर्सी चाहिए. मनोविज्ञान समझो-ये वोट चोरी का मामला नहीं है. वो सोचते हैं कोई मेरी कुर्सी पर कैसे बैठा. ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष का नेता चुना जाता है तो विपक्ष का नेतृत्व करने की भूमिका आपके कंधों पर है. सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, गुलाम नबी, अटल बिहारी वाजपेयी उस कुर्सी पर बैठे थे। आज झगड़ा करो मुक्के लगाओ आकाशवाणी भवन में घुस जाओ. ये आचरण ये व्यवहार नेता विपक्ष का होना चाहिए'। शायद शून्य का आविष्कार कांग्रेस पार्टी के लिए किया था।

उदयपुर में कल स्मार्ट माइनिंग पर जुटेंगे एक्सपर्ट्स

संचार जगत

उदयपुर। उदयपुर में स्मार्ट माइनिंग को लेकर कल कई विशेषज्ञों(एक्सपर्ट्स) का जुटान होगा। आयोजन में खनन की आधुनिक तकनीकों, सुरक्षित खनन और पर्यावरण संरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ माइनिंग क्षेत्र में तकनीकी बदलावों और सुरक्षित कार्यप्रणाली पर अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। दरअसल, भारतीय खनन दिवस पर माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईएआई), उदयपुर चैप्टर की ओर से 1 नवंबर को राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी एवं पैनल परिचर्चा आयोजित की जाएगी। स्मार्ट माइनिंग : रिसोर्स टू रेजिलिएंस विषय पर होने वाले इस आयोजन में देशभर के खनन विशेषज्ञ, सरकारी विभागों के अधिकारी, कंपनियों के प्रतिनिधि और शिक्षाविद् शामिल होंगे।

विश्वेंद्र सिंह ने कांग्रेस नेतृत्व से बनाई दूरी: डीग जिलाध्यक्ष पर लगाया अनदेखी का आरोप



संचार जगत

भरतपुर। भरतपुर-डीग जिले में पंचायत चुनाव और जिला परिषद चुनावों के टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस पार्टी में आंतरिक कलह खुलकर सामने आ गई है। पूर्व मंत्री एवं शिव विधायक विश्वेंद्र सिंह ने स्थानीय पार्टी नेतृत्व से पूरी तरह दूरी बना ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तीखा पोस्ट साझा कर डीग कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव सिंह पर गंभीर निशाना साधा है। विश्वेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि टिकट वितरण जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में उनसे किसी भी प्रकार की चर्चा या विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने इसे जिलाध्यक्ष का पूरी तरह निजी निर्णय और निजी स्वार्थ करार दिया है। साथ ही, उन्होंने उन सभी चुनाव प्रत्याशियों को भी स्पष्ट संदेश दिया है जो अपने प्रचार अभियान में उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। विश्वेंद्र सिंह ने साफ किया है कि ऐसे उम्मीदवारों से उनका कोई सरोकार नहीं है और न ही उन्हें उनका कोई समर्थन या शुभकामनाएं प्राप्त हैं। उन्होंने जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे भरतपुर-डीग की आम जनता के साथ पहले भी मजबूती से खड़े थे, आज भी हैं और हमेशा उनके साथ रहेंगे।

जेएलएन हॉस्पिटल में गंदगी-बदबू से मरीज परेशान

संचार जगत

अजमेर। अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल में तीन दिन से सफाई व्यवस्था बेपटरी है। दो महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज 233 अस्थायी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इसका असर अब हॉस्पिटल के वार्डों में दिखाई देने लगा है। कई जगहों पर गंदगी जमा होने से बदबू फैल रही है। मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को भी कर्मचारियों ने इमरजेंसी के बाहर प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। कर्मचारियों का कहना है कि दीपावली का त्योहार नजदीक है, लेकिन दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण घर चलाना मुश्किल हो रहा है। वहीं, सफाई व्यवस्था बिगड़ने से हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। सफाई कर्मचारियों के सुपरवाइजर लखन ने बताया कि करीब 233 अस्थायी सफाई कर्मचारी पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण परेशान हैं। त्योहार नजदीक होने के बावजूद कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार के अधीन करीब 7 सुपरवाइजर भी काम कर रहे हैं। इनका करीब 6 महीने का भुगतान बकाया है। वेतन नहीं मिलने से परेशान सभी 7 सुपरवाइजरों ने इस्तीफा दे दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ठेकेदार फोन तक नहीं उठा रहा है।

महिला फ्लाईओवर से कूदने के बाद ट्रेन से कटी, मौत

संचार जगत

कोटा। बेटे के साथ अपने मायके जा रही महिला रास्ते में ही फ्लाईओवर से कूद गई। छलांग लगाकर रेलवे ट्रैक पर गिरी और 2 मिनट बाद आई ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात उद्योग नगर थाने का है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गई। उद्योग नगर थाने के एएसआई कुंवर सिंह ने बताया कि अंजू बाई (52) शहर के प्रेम नगर इलाके की रहने वाली थी। बेटे दीपक के साथ बाइक पर शुक्रवार रात अपने पीहर केवल नगर जा रही थी। बेटे से पूछताछ में सामने आया है कि दोनों भामाशाह मंडी रोड स्थित फ्लाईओवर पर पहुंचे थे। इस दौरान मां ने उसे कुछ देर पैदल चलने के लिए कहा था। तब अचानक वह फ्लाईओवर से नीचे कूद गई। नीचे रेलवे ट्रैक पर गिरी। दो मिनट बाद ट्रैक पर आई ट्रेन ने चपेट में ले लिया और मौके पर ही मौत हो गई।

दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं – भजनलाल शर्मा

संचार जगत



जयपुर। जयपुर में 'सपनों की उड़ान-असंभव कुछ भी नहीं' कार्यक्रम के तहत आयोजित विशेष योग्यजन युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हौसले की उड़ान शारीरिक सीमाओं की मोहताज नहीं होती। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर मन में दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास करने का जज्बा हो तो हर असंभव लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विशेष योग्यजनों के सशक्तीकरण का संकल्प मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य एक ऐसा राजस्थान बनाना है जहां हर विशेष योग्यजन को सम्मान, स्वावलंबन और समान अवसर मिले। उन्होंने युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके सपनों को साकार करने में पूरी तरह से साथ खड़ी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किए गए 'सुगम्य भारत अभियान' ने दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम और सम्मानजनक बनाया है।

कोटा की मंदोदरी बनी रुद्र जाट,सरकार ने दी मंजूरी

संचार जगत

कोटा । कोटा शहर की शिक्षा विभाग की सरकारी कर्मचारी मंदोदरी चौधरी अब रुद्र जाट के रूप में पहचानी जाएगी। राज्य सरकार के निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर, ललित कुमार ने इसके लिए मंदोदरी चौधरी को विधिवत रूप से सरकारी अनुमति प्रदान कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदोदरी चौधरी जो की राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, नानता महल, जिला कोटा में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत है,के द्वारा राजस्थान सेवा नियम 1991 के नियम 8ए के अंतर्गत राजकीय निर्णय संख्या 5 में अभी लिखित प्रावधान अनुसार अपना लिंग महिला से पुरुष में बदलकर अपना नाम परिवर्तित कर रूद्र जाट रखने की अनुमति चाहिए थी। उक्त क्रम में वरिष्ठ शासन उप सचिव शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार जयपुर ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम 2019 एवं 2020 के प्रावधानों के अनुसार लिंग बदलने की विधि प्रक्रिया पूर्ण करने की शर्त पर सेवा अभिलेखों में लिंग को महिला से पुरुष में बदलने की अनुमति प्रदान कर दी है।

अब शारीरिक शिक्षक मंदोदरी चौधरी को संबंधित राजकीय आदेशों में लिंग परिवर्तन कर रूद्र जाट के रूप में संबोधित किया जाएगा।

खाटूश्यामजी मंदिर के कपाट 2 नवंबर शाम तक बंद रहेंगे

सीकर। दीपावली के बाद खाटूश्यामजी के दर्शन की योजना बना रहे श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है। सीकर स्थित प्रसिद्ध श्री श्याम मंदिर के कपाट विशेष साफ-सफाई और व्यवस्थाओं के चलते अस्थायी रूप से बंद रहेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 1 नवंबर 2026 की रात 10 बजे से 2 नवंबर की शाम 5:30 बजे तक आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन पूरी तरह से बंद रहेंगे। दीपावली पर्व के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष सफाई कार्य किया जाएगा। मंदिर कमेटी ने भक्तों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए इस समयावधि का ध्यान रखते हुए ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

घर के बाहर खेलते बच्चे को लगा करंट, मौत



संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर के मथानिया थाना क्षेत्र में करंट लगने से बच्चे की मौत हो गई। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान ट्रांसफॉर्मर के तारों की चपेट में आ गया। हादसा शुक्रवार का है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मथानिया थाना ASI सोहन लाल ने बताया कि हादसे में रितेश (8) पुत्र सुमेरराम माली निवासी बालरवा की मौत हो गई। बच्चे के पिता किसान है। ASI ने बताया कि बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। मकान के पास एक सिंगल फेज का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसके पास अर्थिंग का तार लगा हुआ था। बच्चा खेलते-खेलते तारों की चपेट में आ गया और करंट लगने से झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर परिजन पहुंचे और उसे मथानिया हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कैदियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प



संचार जगत

अजमेर। अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में राष्ट्रीय एकता दिवस पर अनूठी पहल देखने को मिली। यहां बंद गैंगस्टरों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। जेल में कैदियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बनाई। जेल में बंद हार्डकोर अपराधी आरिफ उर्फ सिकंदर ने बैनर के सहारे सरदार पटेल की 9 फीट ऊंची आकर्षक प्रतिकृति(कागज की प्रतिमा) तैयार की। जेल परिसर में तैयार की गई इस प्रतिकृति को कार्यक्रम का खास आकर्षण बनाया गया। लौह पुरुष सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में गैंगस्टरों ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। इसके बाद देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में भाषण, देशभक्ति गीत, कविता पाठ, चित्रकला और नारा लेखन जैसी गतिविधियां भी हुईं। कार्यक्रम में नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

कच्ची बस्तियों व वेद विद्यालय के बच्चों के चेहरों पर खिली दीपावली की खुशी

संचार जगत



कोटा। दीपावली के पावन पर्व पर हर चेहरे पर खुशियां बिखेरने के उद्देश्य से अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब की ओर से 'खुशियों वाली दीपावली' अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत क्लब की ओर से नाहरसिंह माता मंदिर स्थित वेद विद्यालय के 70 बच्चों तथा बंधा धर्मपुरा क्षेत्र की गरीब एवं कच्ची बस्तियों में रहने वाले बच्चों को दीपावली के किट वितरित किए गए। क्लब के अध्यक्ष आशु गुप्ता एवं सचिव दीपांशु अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा जाति, धर्म और पंथ से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता एवं भाईचारे का संदेश देते हुए जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। दीपावली किट में मिठाई, दीपक, तेल, फुलझड़ी सहित पर्व से संबंधित अन्य सामग्री शामिल थी। संरक्षक संजय गोयल, भंवर लाल अग्रवाल, जितेंद्र गोयल ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के जीवन में खुशियों का उजाला करने का अवसर है। जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली मनाने से पर्व की खुशियां और भी बढ़ जाती हैं। इस अवसर पर अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब के चेयरपर्सन लता गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष गौरव बंसल, शैलेश गुप्ता, मयंक मित्तल, गोपाल मित्तल, सिद्धार्थ गुप्ता, अक्षय सिंघल, सुनीता गोयल, किरण अग्रवाल, सीमा बंसल, रितु गुप्ता, रेखा अग्रवाल, दीपालीका मित्तल, सीमा मित्तल, दीपा सिंघल सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

ट्रेडिंग के नाम पर ठगे 9.46 लाख

सीकर। सीकर में एक युवक फेसबुक पर दिए विज्ञापन के जरिए ठगों के जाल में फंस गया। ठगों ने उससे ट्रेडिंग के नाम पर 9.46 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। मामले को लेकर 36 वर्षीय युवक ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। दरअसल युवक फेसबुक स्क्रोल कर रहा था। इस दौरान उसने एक एड पर क्लिक कर दिया। जिसके बाद ठग लगातार युवक से व्हाट्सएप्प पर ट्रेडिंग के लिए कॉन्टेक्ट करने लग गए। इसके बाद ठगों ने युवक को फंसाकर अकाउंट में रुपए ट्रांसफर करवा लिए। फिर इन्वेस्टमेंट के नाम, प्रॉफिट लेने और टैक्स सहित अन्य बहाने करके 9.46 लाख रुपए अलग-अलग बैंक खाते में जमा करवा लिए। इसके बाद भी आरोपी पैसों की डिमांड कर रहे थे।

जुरेल और पडिक्कल का जलवा, न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ मजबूत स्थिति में भारत 'ए'

नई दिल्ली/संचार जगत

कप्तान ध्रुव जुरेल के नाबाद 99 रन और देवदत्त पडिक्कल के 80 रन की मदद से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन शनिवार को 7 विकेट पर 291 रन बनाए। जुरेल 155 गेंद में 99 रन बनाकर और आकाश दीप 25 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

दोनों अभी तक आठवें विकेट की साझेदारी में 69 रन जोड़ चुके हैं। लंच के समय भारत ए का स्कोर एक विकेट पर 87 रन था। यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की चौथी गेंद पर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट ने पगबाधा आउट किया। लंच के बाद पहले ओवर में साइ सुदर्शन (41) आउट हो गए, जिन्हें तेज गेंदबाज जेरोड मैकी ने विकेट के पीछे मिचेल हे के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने दूसरा छोर संभालकर 101 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



भारत के 7 रन पर गिरे 3 विकेट

भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 131 रन था लेकिन न्यूजीलैंड ने 7 रन के भीतर 3 विकेट चटकाए। यश राठौड़ (13) पहले आउट हुए और उनके बाद पडिक्कल का विकेट गिरा। रविचंद्रन स्मरण को शीट ने पगबाधा आउट किया। वॉशिंगटन सुंदर को भी शीट ने ही पवेलियन भेजा। जुरेल और मानव सुतार (22) ने सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 93 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

शतक से एक रन दूर जुरेल

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 291 रन बना लिए हैं। कप्तान जुरेल अपने शतक से मात्र 1 रन दूर हैं। जुरेल 155 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 99 रन पर नाबाद हैं। उनके साथ आकाश दीप 58 गेंदों पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की तरफ से फ्रेजर शेट से 4 विकेट लिए हैं। ब्रेट रैंडेल, जारोड मैके और जेडन लेनोक्स ने 1-1 विकेट लिए हैं।



जायसवाल का तीसरा फ्लॉप शो

एक तरफ जहां पडिक्कल ने अपनी बल्लेबाजी से छाप छोड़ी, वहीं सीनियर टीम के नियमित ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। यशस्वी मैच की पहली ही ओवर में फ्रेशर शीट की गेंद पर खाता खोले बिना चार गेंदों में शून्य पर आउट हो गए। आगामी न्यूजीलैंड सीरीज से पहले उनका यह लगातार तीसरा फ्लॉप शो है। इससे पहले उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी महज 17 और 5 रन बनाए थे।

डक पर आउट हुए रविचंद्रन

भारतीय मध्यक्रम की शुरुआत इस मैच में कुछ खास नहीं रही। पडिक्कल के आउट होने के ठीक बाद मैदान पर उतरे स्मरण रविचंद्रन भी अपनी पहली ही गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर गोल्डन डक का शिकार बन गए। वहीं पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाने वाले विदर्भ के यश राठौड़ से भी बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन वे भी मात्र 13 रन बनाकर चलते बने, जिससे भारतीय पारी बीच में लड़खड़ाती नजर आई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां मैच आज, सूर्यवंशी की वापसी संभव

हार के बाद बदलाव की राह पर भारत आखिरी टी-20 में नई टीम इलेवन!

नई दिल्ली/संचार जगत

अपने स्थापित खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन करने वाला भारतीय टीम प्रबंधन आकलैंड में पिछले मैच में मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढत बना ली है लेकिन विश्व चैंपियन टीम 5 मैचों की श्रृंखला से आखिरी मैच हारकर विदा नहीं लेना चाहेगी।

ऐसे में वैभव सूर्यवंशी की वापसी संभव है और उस दशा में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। सैमसन ने इस श्रृंखला में 67, 14, 18, 4 रन बनाए हैं। टीम प्रबंधन का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है लेकिन एक ब्रेक से वह खोई लय हासिल कर सकते हैं।

लय हासिल करना चाहेंगे अय्यर

हाल ही में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन खुद श्रेयस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वे लोगों का ध्यान खींचने में नाकाम रहे। अय्यर ने टी20 में पहला शतक जमाने के बाद अगले 8 मैचों में 40, 1, 16, 22, 42, 7, 5, 22 रन बनाए। यहां अच्छी पारी खेलकर वह भी लय हासिल करना चाहेंगे। अय्यर के नाकाम रहने से निचले क्रम में नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया।



भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर

गेंदबाजी में दूसरे और तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को 200 रन से कम पर रोकने के बावजूद भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर हुई हैं। भारत अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल पर विकेटों के लिये काफी निर्भर रहा है । चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर कुमार अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भुवनेश्वर ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और उनका इकॉनॉमी रेट 12 के आसपास रहा है। अर्शदीप अकेले भारतीय गेंदबाज हैं, जिनका इकॉनॉमी रेट इस श्रृंखला में 10 से कम रहा है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में धार देने के लिए कुलदीप यादव या वरुण चक्रवर्ती को टीम में लाना होगा, जिसके लिए धीर को बाहर रहना पड़ सकता है। तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा को भी बैकअप गेंदबाजों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन उनके महंगे साबित होने का खतरा है।

आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कीवी टीम

न्यूजीलैंड टीम पांच मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले आखिरी मैच जीतकर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी। अगले साल अफ्रीका में होने वाले आईसीसी विश्व कप से पहले यह वनडे श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे आकिब नबी

4 नवंबर को आकलैंड में पहला मैच



नई दिल्ली/संचार जगत

तेज गेंदबाज आकिब नबी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 3 वनडे मैचों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पांच मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। नबी चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में थे लेकिन अब वह पहले मैच से ही चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 4 नवंबर को आकलैंड में खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा,' दाहिने हाथ के इस तेज गेंदबाज को चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुना गया था लेकिन अब वह वनडे श्रृंखला की शुरुआत से टीम में होंगे।' जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज नबी ने हाल ही में लिंकन में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के लिए चार दिवसीय मैच खेलकर दो पारियों में 6 विकेट लिए थे।

पहले तीन वनडे के लिए टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कम्बोज, गुरनूर बरार, रूतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी (सिर्फ पहला वनडे), आकिब नबी।

चौथे और पांचवें वनडे के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन, अक्षर पटेल, नमन धीर, गुरनूर बरार, रुतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर, कुलदीप यादव।

खबर संक्षेप

ग्वांगझोउ ओपन : वीनस की डब्ल्यूटीए टूर में हार

ग्वांगझोउ। अमेरिकी टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को 8 साल बाद डब्ल्यूटीए टूर के किसी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। ग्वांगझोउ ओपन के विमेंस डबल्स सेमीफाइनल में वह इंडोनेशिया की जेनिस त्जेन के साथ हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। 1 घंटे 45 मिनट तक चले इस मुकाबले में उन्हें 6-4, 6-7 (8), 10-6 से शिकस्त मिली। 2016 के ओलंपिक और विंबलडन के बाद से यह विलियम्स का पहला डब्ल्यूटीए टूर डबल्स सेमीफाइनल था। साथ ही, 2018 के इंडियन वेल्स के बाद यह उनका पहला सेमीफाइनल था।

विदर्भ की तरफ से खेलेंगे आदित्य ठाकरे

नागपुर। दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने मध्यप्रदेश के खिलाफ 2 नवंबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी मैच के लिए विदर्भ टीम में यश ठाकुर की जगह ली है, जो भारतीय टीम में चुने गए हैं। दो बार की रणजी चैंपियन विदर्भ टीम जामथा के वीसीए स्टेडियम पर ग्रुप ए का यह मैच खेलेगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला कलक्टर ने दिलाई शपथ

जयपुर। भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष कलेक्ट्रेट कार्यालय के कार्मिको सहित अन्य गणमान्य नागरिको को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

पैन पैसिफिक ओपन

फाइनल में लेयला अब डायना से भिड़ंत



नई दिल्ली/संचार जगत

कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने पैन पैसिफिक ओपन सेमीफाइनल में कामिला राखीमोवा को हराकर इस साल के अपने तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला डायना श्नाइडर से होगा, जो मिया पोहानकोवा को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। फर्नांडीज ने दोनों सेट में ब्रेक डाउन के बाद राखीमोवा को एक घंटे 54 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5, 6-3 से हराया। तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद वह पहले सेट में 1-3 से पीछे चल रही थीं, लेकिन छठे गेम में उन्होंने इसे वापस हासिल करके स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों ने अपनी सर्विस बनाए रखी, इससे पहले कि कनाडाई खिलाड़ी ने 12वें गेम में निर्णायक ब्रेक लेकर पहला सेट 59 मिनट में 7-5 से जीत लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में ही उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दीं। उन्होंने चौथे गेम में उज्बेक खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-2 की बराबरी कर ली, फिर ब्रेक लेकर 5-3 की बढ़त बना ली और 49 मिनट के दूसरे सेट में होल्ड के साथ गेम खत्म किया।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

ढाका। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के नाबाद 81 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से शिकस्त देकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश की दूसरी पारी 142 रन पर सिमट गई, जिससे वेस्टइंडीज को जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 2 विकेट गंवाकर हासिल कर ली। कैरेबियाई स्पिनरों के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसने अपने आखिरी 9 विकेट गंवाकर केवल 169 रन की बढ़त हासिल की। कप्तान रोस्टन चेज ने अपनी चतुराई भरी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 36 रन देकर पांच विकेट झटके। पहली पारी में 53 रन देकर 5 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 63 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। चौथे दिन खराब होती पिच पर खराब रोशनी, बारिश और बिजली चमकने के कारण खेल कई बार बाधित हुआ। इसके बावजूद वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और किंग ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक रवैया अपनाने के बजाय आक्रामक बल्लेबाजी की।

रबाडा ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए सबसे तेज 350 विकेट

नई दिल्ली/संचार जगत

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में इतिहास रच दिया है। रबाडा टेस्ट में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 350 विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं।

रबाडा ने यह मुकाम 13,808 गेंद फेंककर हासिल किया है। उन्होंने इस मामले में डेल स्टेन को पीछे छोड़ा है। स्टेन ने यह उपलब्धि 14,719 गेंद फेंककर हासिल की थी। रबाडा साउथ अफ्रीका की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने हैं। उनसे पहले टीम की तरफ से यह मुकाम डेल स्टेन, शॉन पोलॉक और मखाया एंटिनी ही हासिल कर सके हैं।



रबाड़ा ने की मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी

रबाडा ने यह मुकाम अपने 75वें टेस्ट में हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाज मैल्कम मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी की। मार्शल ने भी अपने टेस्ट करियर के 75वें मुकाबले में 350 विकेट पूरे किए थे। रबाडा मैचों के लिहाज से टेस्ट में सबसे तेज 350 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज बने हैं। रबाडा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट भी पूरे कर लिए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले साउथ अफ्रीका के पांचवें गेंदबाज बने हैं। उन्होंने अपने करियर के 260वें मैच में यह मुकाम हासिल किया। साउथ अफ्रीका की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड शॉन पोलॉक के नाम है, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 823 विकेट निकाले हैं।

एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी थीं मनीषा

लॉस एंजिलिस ओलंपिक पदक पर मनीषा की नजरें

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत की पहली महिला विश्व चैंपियन बनी मनीषा भानवाला की नजरें 2005 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में पदक जीतने पर है और इस अनुभवी पहलवान की ताकत उनके पिता है, जो उनके दिल में बसते हैं। 29 वर्ष की मनीषा ने कजाखस्तान के अस्ताना में इतिहास रच दिया जब वह सीनियर कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई।

एशियाई खेलों की नाकामी की बखूबी भरपाई करते हुए उन्होंने कैरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी मनीषा ने अपने कोच वीरेंदर दहिया की सलाह मानकर विश्व चैंपियनशिप पर पूरा फोकस रखा,जिसकी उन्हें फायदा मिला।



वजन कम करने के लिए मिला कम समय

मनीषा ने कहा,' एशियाई खेलों में किस्मत ने साथ नहीं दिया। मैं कोच से कुश्ती, अभ्यास और रिकवरी के बारे में पूछती रही। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप होना चाहिए। मुझे अभी भी याद है कि उन्होंने कहा था कि ईश्वर ने मेरे लिए कुछ बड़ा सोच रखा है।' एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में भाग लेने के बाद विश्व चैंपियनशिप में वह 59 किलो में उतरी। उनका मानना है कि दोनों टूर्नामेंटों के बीच में अंतर कम रहने से उन्हें रिकवरी और वजन कम करने के लिए काफी कम समय मिला। उन्होंने कहा,' मुझे एशियाई खेलों में पदक जीतने का यकीन था। मुझे पता था कि विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। दस दिन में वजन कम करना कठिन था तो मुझे लगा कि 59 किलो सही रहेगा।'

पिता ने निभाई कैरियर में अहम भूमिका

मनीषा के लिए यह जीत पदक से कहीं अधिक मायने रखती है। उन्हें कुश्ती में उतारने वाले पिता ने उनके कैरियर में अहम भूमिका निभाई लेकिन 2022 में उनका निधन हो गया। विश्व चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्होंने अपने पिता की याद में एक खास टीशर्ट पहना था। मनीषा ने कहा,' मैं बता नहीं सकती कि मेरे पिता की कितनी बड़ी भूमिका रही है। मैं उनसे बात करती रहती हूं मानो वह मेरे भीतर हों। वह मेरे दिल में बसते हैं और मेरे जीवन का हिस्सा हैं।' उन्होंने कहा,'मेरे पिता ने सिखाया कि या तो कोई काम शुरू मत करो और करो तो पूरा करके ही दम लो। यह मेरे खून में है। कुश्ती मेरे लिए पहला और आखिरी विकल्प है। इसने मुझे जीवन, नाम और जीने का सामर्थ्य दिया।'

मुख्य सचिव ने दिये आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के रूप में विकसित करने के दिए निर्देश

संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने शनिवार को जयपुर के गांधीनगर स्थित समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय में पोषण 2.0 तथा आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों की मुख्य गतिविधियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभाग की ओर से सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग एवं निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया गया। मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी पर शाला पूर्व शिक्षा की दैनिक समय सारणी पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य सचिव द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र पर प्रतिदिन बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा एवं देखभाल गतिविधियो का संचालन, अल्पाहार एवं गर्म पका हुआ भोजन, पोषण ट्रैकर पर गतिविधियों को अपडेट करने इत्यादि कार्यो के साथ साथ प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण, बच्चों के विकास की निगरानी, परिवार सर्वेक्षण कार्य तथा प्रतिदिन लक्षित गृह भ्रमण के बारे में अवगत कराया गया । बैठक में बताया गया कि मासिक गतिविधियों के अंतर्गत महीने में 2 बार समुदाय आधारित कार्यक्रम, महीने में एक बार स्वास्थ्य दिवस, आंगनबाड़ी प्रबंधन समिति (AMC) एवं कार्यकर्ता-अभिभावक बैठक का आयोजन किया जाता हैं।

उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन संचालन समय मे 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए सत्रवार शाला पूर्व शिक्षा की विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती है। मुख्य सचिव ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के रूप में विकसित किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आईसीडीएस के आंगनबाड़ी केंद्रों के दैनिक संचालन का का समय समय पर निरीक्षण करें। औचक निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा निर्धारित कलेंडर की अनुपालना सुनिश्चित करें ताकि लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं का उचित लाभ प्राप्त हो सके।

100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के कार्यो का होगा संकलन

मुख्य सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को चिन्हित कर उनके कार्यो का संकलन कर प्रकाशन किया जाए ताकि अन्य कार्यकर्ता भी प्रेरित हो सके। मुख्य सचिव ने विभाग द्वारा शाला पूर्व गतिविधियों तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों की भी सराहना की।

उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश में संचालित 'कैश प्लस मॉडल' की प्रशंसा की जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना (MMMPY) के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के साथ-साथ व्यवहार परिवर्तन संचार (SBCC) गतिविधियों से जोड़ा गया है।

बच्चों के विकासात्मक विलंब की पहचान एवं प्रबंधन

मुख्य सचिव ने बच्चों में विकासात्मक विलंब (developmental delay) के लक्षणों की शीघ्र पहचान करने के लिए फील्ड कार्यकर्ता के क्षमता वर्धन के संबंध में निर्देश प्रदान किये।

▶ इंडिया गठबंधन ने सीईसी के खिलाफ जन महाभियोग का प्रस्ताव पारित किया

मॉक संसद में राहुल गांधी का दावा- 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध था

देश में 13.3 करोड़ वोटर्स के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, सीईसी ज्ञानेश कुमार अब बचने वाले नहीं

नई दिल्ली/संचार जगत

इंडिया गठबंधन ने शनिवार को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग का प्रस्ताव पारित कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर एक मॉक संसद में ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से हटाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया।

प्रस्ताव पर चर्चा के आखिर में राहुल गांधी ने कहा, 13.3 करोड़ वोटर्स के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। पिछले लोकसभा (2019) चुनावों में इन वोटरों ने मतदान किया था। 2024 में बीजेपी ने चुनाव 3 परसेंट के मार्जिन से जीता। हर सात में से एक वोटर का नाम मिटाकर चुनाव आयोग ने कबूल किया है कि 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध था। राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार और उनके साथी षड्यंत्रकारियों ने देशद्रोह किया है और इसके लिए उनपर कार्रवाई जरूर होगी। राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार अब मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर बचने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं जो ये सुनिश्चित करते हैं कि ये जेंटलमैन अब इस पद पर नहीं होंगे। हम जो जानते हैं उसके बाद भी बीजेपी



अगर उनको इस पद पर बनाए रखने पर जोर देगी तो उसका खेल सबके सामने खुल जाएगा। खड़गे के आवास पर हुई ये कार्यवाही संसद की औपचारिक कार्यवाही या संवैधानिक महाभियोग प्रक्रिया का विकल्प नहीं है। यह एक प्रतीकात्मक राजनीतिक विरोध है, जिसके ज़रिए विपक्ष अपने आरोपों को प्रमुखता से उठाना चाहता है। इस सुनवाई की अध्यक्षता लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने की। राहुल गांधी ने जन महाभियोग की कार्रवाई पर चर्चा के दौरान कहा, पूरा विपक्ष यानी राज्यसभा व लोकसभा में विपक्ष के सांसद एक गार्डन में बैठकर सीईसी पर महाभियोग की चर्चा कर रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के सांसदों को संसद की तर्ज पर ही बिठाया गया

इंडिया गठबंधन समेत विपक्ष के दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया से लगभग 13 करोड़ से अधिक नाम वोटर लिस्ट से कट गए हैं। ये लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधी चोट है। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग कर रहा है।विपक्ष का यह विरोध वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ी और चुनावी अनियमितताओं को लेकर है। यह कार्यक्रम पहले शुक्रवार को होना था, लेकिन दिल्ली में हुई भारी बारिश के कारण इसे टाल दिया गया था। इंडिया गठबंधन एक नवंबर को रामलीला मैदान में एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के ख़िलाफ़ प्रदर्शन करने वाला है।

राहुल बोले- प्रोटेस्ट में आएं, खरीदारी करें

दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली इंडिया ब्लॉक की मेगा रैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बीच राहुल गांधी ने शनिवार देर शाम सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली आने वाले लोगों से रैली और मार्च के साथ स्थानीय व्यापारियों से खरीदारी करने की अपील की। राहुल गांधी ने कहा कि दिवाली, छठ और भाईदूज का समय है और बाहर से दिल्ली आने वाले लाखों लोग अगर यहां के व्यापारियों की मदद के लिए छोटी-छोटी दुकानों से सामान खरीदेंगे तो उन्हें फायदा होगा। राहुल गांधी ने कहा कि प्रोटेस्ट, मार्च, रैली कीजिए, साथ में थोड़ी सी खरीदारी भी कीजिए। व्यापारियों का फायदा हो जाएगा।

व्यापारियों को महारैली से नहीं होगा नुकसान

उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पता है कि व्यापारियों को रैली से नुकसान नहीं होगा और बीजेपी डर की वजह से अफवाह फैला रही है। यह रैली कथित चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर आयोजित की जा रही है। इस महारैली में इंडिया ब्लॉक में शामिल अलग-अलग दलों के प्रतिनिधियों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। विपक्षी दल मिंटो रोड से रामलीला मैदान तक मार्च निकालेंगे।

खड़गे बोले
मोदी और शाह के निर्देश पर काम कर रहे हैं ज्ञानेश कुमार

इससे पहले जन महाभियोग के प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर चुनाव आयोग को चला रहे हैं। खड़गे ने कहा, आज से सात महीने पहले 193 सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों में रखा था। पर इन सांसदों के नोटिस ख़ारिज कर दिए गए। इन नोटिसों को संज्ञान में नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि देश में जो वोट चोरी हो रही है, उसे रोकने के लिए यहां आए इंडिया गठबंधन के सांसद तैयार हो गए हैं। खड़गे ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने दिसंबर 2023 में अपनी सरकार के ज़रिये ज्ञानेश कुमार को आजीवन क़ानूनी सुरक्षा दे दी थी। यह सब ज्ञानेश कुमार की ओर से देश और इसके संविधान के ख़िलाफ़ किए गए आपराधिक कृत्य को छिपाने के लिए किया गया। इसलिए ज्ञानेश कुमार को तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए।

खतरे में उमर अब्दुल्ला की कुर्सी

24 विधायकों ने कर दी बगावत, गुप्त बैठक कर प्लान किया तैयार

नई दिल्ली/संचार जगत



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल ही में अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। इसके बाद से वे लगातार अपनी पार्टी के भीतर बगावत का सामना कर रहे हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नाराज विधायकों के गुट ने शुक्रवार को एक बड़ी बैठक की जो कि काफी देर तक चली। उन्होंने अपनी मांगों की एक लिस्ट तैयार की है। इन विधायकों की बैठक ने उमर अब्दुल्ला की सरकार की चिंता बढ़ा दी है। सूत्रों का कहना है कि बागी विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार और कुछ मंत्रियों को हटाने की मांग कर दी है। आपको बता दें कि शुक्रवार की शाम श्रीनगर में एनसी के 18 विधायकों ने बैठक की।

इस बैठक में छह विधायक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। इन्होंने भी नाराज गुट को अपना समर्थन दिया। बागी गुट में कश्मीर घाटी और जम्मू दोनों ही जगहों के विधायक शामिल हैं। कुल मिलाकर बागी खेमे में 24 विधायक हो गए हैं।

विधायक कैसर लोन के आवास पर हुई बागी गुट की बैठक

आपको बता दें कि बागी गुट की यह बैठक विधायक कैसर जमशेद लोन के आवास पर हुई। इस बैठक में विधायकों ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। इन्होंने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी को हटाने और उप मुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी सहित कुछ मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की है। बैठक के दौरान कुछ वरिष्ठ विधायक भावुक हो गए और उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व और मुख्यमंत्री के सलाहकार ने उनके साथ कैसा बर्ताव किया था।

जेल से रिहा होते ही आजम को ईडी ने हिरासत में लिया

रामपुर, आरएनएन। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को शनिवार को जेल से रिहाई के तुरंत बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने हिरासत में ले लिया। ईडी की टीम पैरामिलिट्री बल के साथ रामपुर जेल पहुंची थी। टीम के साथ करीब तीन गाडियां जेल के बाहर खड़ी थीं। जेल से बाहर निकलते ही ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

रिहाई के बाद मीडिया से बातचीत में आजम खान ने कहा कि अब कहने के लिए बचा ही क्या है? मैं क्या कहूं? कानून तो जैसे खत्म ही हो गया है। क्या मुसलमान होने की यही सजा है? उन्होंने कहा कि उनकी गलती सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने एक विश्वविद्यालय और बच्चों के लिए स्कूल बनवाए। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही उनका गुनाह है?

स्कूल में घुसकर 10वीं की छात्रा पर आरी से हमला

नई दिल्ली/संचार जगत



आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां रापताडु में स्कूल परिसर के अंदर 10वीं कक्षा की एक छात्रा पर लकड़ी काटने वाली आरी से जानलेवा हमला किया गया।

छात्रा का गला काटने वाला आरोपी अरेस्ट

वारदात के दौरान स्कूल में छात्र और शिक्षक मौजूद थे। दिनदहाड़े स्कूल के अंदर हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। फिलहाल मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक घटना स्कूल के समय की है। आरोप है कि एक व्यक्ति स्कूल परिसर में घुस आया और छात्रा पर अचानक आरी से हमला कर दिया। हमले में छात्रा का गला काट गया, फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर ने उसके चेहरे और सिर पर भी गंभीर वार किए। हमले के बाद छात्रा खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जानकारी में हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

क्वाड बैठक में भारत का डंका, 8.5 करोड़ डॉलर के एआई फंड का किया गया ऐलान

नई दिल्ली/संचार जगत

यूएस के अटलांटा में हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की इस ऐतिहासिक मीटिंग में भारत के कूटनीतिक दबदबे और वैश्विक लीडरशिप का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। शनिवार को हुई इस हाई-लेवल समिट में यूएस, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की दिशा बदलने वाले कई बड़े और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

संकट के वक्त नेपाल में बाढ़ राहत के लिए सबसे पहले मदद पहुंचाने वाले फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में भारत की वैश्विक तारीफ से लेकर, 8.5 करोड़ डॉलर के भारी-भरकम एआई फंड, 6 जी संचार तकनीक, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और क्रिटिकल मिनरल्स तक, क्वाड ने हर मोर्चे पर अपनी ताकत दिखाई है।



क्वाड मीटिंग में किए गए अहम ऐलान

- पहली बार आयोजित होगा क्वाड बिजनेस लीडर्स फोरम, आर्थिक रिश्तों को नई धार मिलेगी ।
- टोक्यो में जुटने वाली है एक्सपोर्ट क्रेडिट एजेंसियों की बैठक, आर्थिक सहयोग की नई राहें।
- आर्थिक सुरक्षाव सप्लाई चेन पर जोर, चीन की आर्थिक दबाव बनाने की नीतियों पर गंभीर चिंता जताई।
- होर्मुज, लाल सागर, बाब अल मंडेब में जहाजों की सुरक्षा पर मुहर ।
- ई-कचरे से अहम खनिज निकालने के लिए अमेरिका 1 करोड़ डॉलर देगा।
- एआई और तकनीक के लिए 8.5 करोड़ डॉलर का फंड जारी।
- साइबर क्राइम और ऑनलाइन घोटालों के खिलाफ आर-पार की जंग।

सोमालिया में समुद्री लुटेरों ने ईरानी नाव को हाइजैक किया

नई दिल्ली, आरएनएन। यूरोपीय संघ की नौसैनिक सेना और पुंटलैंड के सुरक्षा अफसरों ने शनिवार को बताया कि हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास मछली पकड़ने वाली एक ईरानी नाव का अपहरण कर लिया। एजेंसी के मुताबिक, सोमालिया के तट पर समुद्री लूट की घटनाएं एक बार फिर बढ़ गई हैं।

अप्रैल से अब तक कम से कम 15 हमले दर्ज किए गए। साल 2013 के बाद यह सबसे बड़ी संख्या है। सोमालिया के उत्तर-पूर्व में स्थित पुंटलैंड एक अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। हिंद महासागर में यूरोपीय संघ के समुद्री सुरक्षा केंद्र की ओर से जारी अलर्ट के मुताबिक, 'अजिनी' नाम की नाव को 29 अक्तूबर को सुबह 9 बजे जीएमटी पर सोमालिया के तट के पास अगवा किया गया।

ईरान के केश्म द्वीप के पास अमेरिका का हमला

मोजतबा खामेनेई बोले-अब हम तय करेंगे कैसे और कब खत्म होगा युद्ध

नई दिल्ली/संचार जगत

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव के बीच ईरान ने अमेरिका पर हमला करने का आरोप लगाया है। ईरानी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग ने शनिवार को होर्मोजगान प्रांत के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि अमेरिका ने केश्म द्वीप के पास दो मछली पकड़ने वाली नौकाओं को निशाना बनाया। इस घटना में दो मछुआरे लापता हैं, जबकि एक घायल बताया गया है।

हालांकि, अमेरिका की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई है। इस बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने किसी भी दुश्मन के खतरे की स्थिति में तत्काल और प्रभावी जवाब देने का आदेश दिया है। उनके लिखित संदेश के मुताबिक, जवाब की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होगी।



अमेरिका दे रहा है धमकी

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई की संभावना को लेकर सतत संकेत दिए जा रहे हैं। अमेरिका में 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर नए हमले की संभावना पर चर्चा चल रही है। अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने ट्रम्प के सामने ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई के विकल्प भी रखे हैं। इस बीच इजराइल में भी ईरान को लेकर सैन्य तैयारियों और अमेरिका के साथ संभावित कार्रवाई की अटकलें तेज हैं।

कैलिफोर्निया के स्टोर में गोलीबारी, एक की मौत, छह लोग घायल

वाशिंगटन, आरएनएन। अमेरिका के कैलिफोर्निया में हैलोवीन से ठीक पहले एक दुकान में गोलीबारी की घटना हुई है। फेयरफील्ड शहर के सोलानो टाउन सेंटर स्थित स्पिरिट हैलोवीन स्टोर में शुक्रवार देर रात गोलियां चलीं। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सभी सात लोगों को गोली लगी थी। फेयरफील्ड पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कम से कम तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह दुकान हैलोवीन के लिए कॉस्ट्यूम और सजावट का सामान बेचती है। घटना शुक्रवार देर रात हुई, जब अमेरिका में हैलोवीन की तैयारियां चल रही थीं।

एक ही घर में चार मौतों से सोनीपत जिला दहला

नई दिल्ली/संचार जगत

हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव मुडलाना में एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है।

मां ने तीन बच्चों संग की खुदकुशी

रीना (38) और उसके तीन बच्चों के शव घर के अंदर मिले हैं। बच्चों की उम्र 11, 7 और 4 साल थी। घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। जानकारी के मुताबिक, रीना अपने तीनों बच्चों के साथ घर पर थी। उसका पति जयदीप सरकारी शिक्षक है और रोजाना की तरह ड्यूटी पर गया हुआ था। जब वह काम खत्म कर वापस घर लौटा तो पत्नी और बच्चों को मृत देखकर होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सदर गोहाना थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

रेस्क्यू टीमें दुर्गम पहाड़ी रास्ते से शव निकालने में सतत जुटीं

नई दिल्ली/संचार जगत

उत्तराखंड के चमोली जिले में जोशीमठ के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए छह लोगों के शव निकालकर उन्हें जोशीमठ ले जाने का रेस्क्यू अभियान जारी है।

उत्तराखंड हेलीकॉप्टर हादसा

दुर्घटनास्थल बेहद दुर्गम और ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण बचाव दलों को पैदल चढ़ाई करके वहां पहुंचना पड़ा है। दरअसल, चमोली जिले में शुक्रवार को बद्रीनाथ से देहरादून के सहस्त्रधारा लौट रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें सवार पायलट समेत सभी छह लोगों की मौत हो गई थी।

चमोली के डीओ गौरव कुमार ने बताया, कि बचाव अभियान के तहत सभी शवों को निकाल लिया गया है। अब प्रशासन की कोशिश है कि सभी शव शनिवार शाम तक सुरक्षित जोशीमठ पहुंचा दिए जाएं, जहां शवों की शिनाख्त से जुड़ी कार्रवाई होगी।

भारतीय कॉरिडोर के खिलाफ बांग्लादेशी नेता ने दी चेतावनी

गंगा जल बंटवारे पर निष्पक्ष समझौते की मांग की

नई दिल्ली/संचार जगत

बांग्लादेश में पीएम तारिक रहमान की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान एक बार फिर भारत विरोधी नारे लगाए गए। राजधानी ढाका में शुक्रवार को एनसीपी नेता नाहिद इस्लाम ने बड़ी रैली की। इसमें हजारों लोग शामिल हुए।

प्रदर्शन में महंगाई, बिजली संकट और ईंधन-गैस की कमी को लेकर सरकार को घेरा गया। साथ ही गृह मंत्री और ऊर्जा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। ढाका के नेशनल म्यूजियम के सामने हुई इस रैली में भारत विरोधी नारे लगाए गए।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में एनसीपी के नेता दिल्ली नहीं, ढाका का नारा लगाते दिखे। इसके जवाब में भीड़ ने ढाका, ढाका के नारे लगाए। मालूम हो, नाहिद इस्लाम 2024 के जुलाई विद्रोह के प्रमुख चेहरों में शामिल रहे हैं। इस आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी।

एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने संभाली अब कमान...

नई दिल्ली/संचार जगत



एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने 31 अक्टूबर 2026 को भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का स्थान लिया, जो 43 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले दीक्षित वायुसेना में उप प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टाफ) के पद पर कार्यरत थे।

कार्यभार संभालने के अवसर पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नए वायुसेना प्रमुख के सामने लड़ाकू विमानों की संख्या बढ़ाने, स्वदेशी विमान निर्माण कार्यक्रमों में तेजी लाने और बदलती सुरक्षा चुनौतियों के बीच वायुसेना की परिचालन क्षमता मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।